दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः– 04
अंकः–136
मुरादाबाद
(Friday)
06 September 2024
पृष्ठः–8
मूल्यः– 3.00 रूपया

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र–बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी ने ग्रीन एनर्जी और नवीकरणीय ऊर्जा पर दिया जोर, बोले– बेहतर भविष्य के लिए एक साथ आए दुनिया

संबोधन में पीएम मोदी ने पर्यावरण को बेहतर बनाने पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण हितैषी भविष्य के लिए दुनिया को एक साथ आकर काम करने की जरूरत है। पिछले साल जी20 के दौरान, हमने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के निर्माण का नेतृत्व किया था।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रीन एनर्जी, नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर दिया। संबोधन की शुरूआत में



उन्होंने सभी का प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव में स्वागत कियाष उन्होंने कहा कि ऐसा करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मैं इस अद्भुत पहल के लिए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन को बधाई देता हूं। अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव पूरी दुनिया को सूर्य के प्रभाव का जश्न मनाने के लिए एक साथ लाता है। यह एक ऐसा त्यौहार है जो हमें एक बेहतर ग्रह बनाने में मदद करेगा।उन्होंने कहा कि वेद हजारों वर्ष पहले रचित ग्रंथ हैं। वेदों के सबसे लोकप्रिय मंत्रों में से एक सूर्य के बारे में है। आज भी लाखों भारतीय प्रतिदिन इसका जाप करते हैं, दुनिया भर में कई संस्कृतियों ने अपने–अपने तरीके से सूर्य का सम्मान किया है। अधिकांश क्षेत्रों में सूर्य से संबंधित त्यौहार भी मनाए जाते हैं। अपने संबोधन में आगे उन्होंने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए दुनिया को कुछ महत्वपूर्ण मामलों पर सामूहिक रूप से चर्चा करनी चाहिए। हरित ऊर्जा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इसमें निवेश की एकाग्रता में असंतुलन को कम करने की जरूरत है। विनिर्माण और प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक बनाने की आवश्यकता है। आगे पीएम ने कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता विकासशील देशों की मदद करना और अल्प विकसित देशों और छोटे द्वीपीय विकासशील राज्यों को सशक्त बनाना होनी चाहिए। मुझे विश्वास है कि अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव ऐसे मामलों पर चर्चा को सक्षम बनाएगा। संबोधन में पीएम मोदी ने पर्यावरण को बेहतर बनाने पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण हितैषी भविष्य के लिए दुनिया को एक साथ आकर काम करने की जरूरत है। पिछले साल जी20 के दौरान, हमने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के निर्माण का नेतृत्व किया था। हम समावेशी, स्वच्छ और हरित ग्रह बनाने के हर प्रयास में शामिल हैं। भारत इसके लिए सबका समर्थन करेगा।

## बुलडोजर की राजनीति बंद करो... जंगली जानवरों पर लगाम लगाओः मायावती ने योगी सरकार को घेरा

मायावती ने पोस्ट करते हुए लिखा कि यूपी के कुछ जिलों में जंगली जानवर बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं पर हमला कर रहे हैं। सरकार को इसे रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए क्योंकि मजदूर और गरीब लोग अपने जानवरों के लिए चारे का इंतजाम नहीं कर पा रहे हैं।बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वह 卐बुलडोजर की राजनीति卐 बंद करें और जंगली जानवरों से निपटने के लिए रणनीति बनाएं जो मानव बस्तियों में घुसकर लोगों पर हमला कर रहे हैं।गुरुवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि 卐यूपी के कुछ जिलों में जंगली जानवर बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं पर हमला कर रहे हैं। सरकार को इसे रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए क्योंकि मजदूर और गरीब लोग अपने जानवरों के लिए चारे का इंतजाम नहीं कर पा रहे हैं। सरकार को जंगली जानवरों से निपटने के लिए रणनीति बनानी चाहिए।मायावती ने सरकार और समाजवादी पार्टी से यह भी कहा कि वे 卐बुलडोजर की राजनीति卐 को सुप्रीम कोर्ट पर छोड़ दें जहां न्याय मिलने की पूरी उम्मीद है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और के वी विश्वनाथन की पीठ ने सोमवार को टिप्पणी की थी कि किसी का घर सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है क्योंकि वह आरोपी है? भले ही वह दोषी हो, फिर भी कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता। इस टिप्पणी के बाद मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और उनके पूर्ववर्ती अखिलेश यादव के बीच तीखी नोकझोंक हुई। आदित्यनाथ ने अपनी सरकार की 卐बुलडोजर कार्रवाई卐 को बहादुरी भरा बताते हुए उसका बचाव किया, जबकि यादव ने उन्हें चुनौती दी कि अगर उन्हें अपने दृष्टिकोण पर इतना भरोसा है तो वे बुलडोजर चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ें। मायावती ने एक निजी एम्बुलेंस में एक महिला के साथ दुष्कर्म की कोशिश का भी उल्लेख किया और सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यूपी के बस्ती जिले में एक निजी एम्बुलेंस चालक ने एक मरीज को ले जाते समय उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म करने की कोशिश की, यह बहुत शर्मनाक है। महिला के पति की मौत हो गई। सरकार को चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।



## संक्षिप्त समाचार

### किसानों के लिए अच्छी खबर: दिवाली से पहले मिल जाएगी किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त; मोदी सरकार ने की तैयारी

कृषि मंत्रालय दिवाली से पहले लाभार्थी किसानों को सम्मान निधि देने जा रहा है। इसके लिए मंत्रालय ने किसानों को अपना केवाईसी कराने को कहा है। कृषि मंत्रालय के अधिकारियों ने इस संबंध में गुरुवार को देश के सभी कृषि अधिकारियों को संबंधित महकमे के माध्यम से निर्देश जारी किए हैं।देश के करोड़ों किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है। दरअसल पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त इस बार दीपावली से पहले आने वाली है। इसके लिए केंद्र सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। किसानों को इसका लाभ लेने के लिए केंद्र सरकार ने कृषि अधिकारयों को जरूरी दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके तहत इस महीने में सभी लाभार्थी किसानों को केवाईसी कराने के लिए कहा गया है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इससे पहले की किस्त में देश के तकरीबन नौ करोड़ किसानों के खाते में सम्मान निधि पहुंची थी।कृषि मंत्रालय दिवाली से पहले लाभार्थी किसानों को सम्मान निधि देने जा रहा है। इसके लिए मंत्रालय ने किसानों को अपना केवाईसी कराने को कहा है। कृषि मंत्रालय के अधिकारियों ने इस संबंध में गुरुवार को देश के सभी कृषि अधिकारियों को संबंधित महकमे के माध्यम से निर्देश इसलिए केंद्र सरकार जल्द से जल्द सभी किसानों को इसका लाभ उठाने के लिए जरूरी दिशा निर्देशों का पालन करने को कहा है।

## सुल्तानपुर मुठभेड़ः अखिलेश यादव बोले– समस्या का समाधान असली कानून व्यवस्था है, नकली एनकाउंटर नहीं

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुल्तानपुर में पुलिस मुठभेड़ को लेकर प्रदेश सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों का अमृतकाल चल रहा है।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुल्तानपुर में सराफा व्यापारी के यहां हुई दिनदहाड़े डकैती के आरोपी बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ पर कहा कि समस्या का समाधान असली कानून व्यवस्था है नकली एनकाउंटर नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज अपराधियों का अमृतकाल है। उन्होंने एक्स पर कहा कि लगता है सुल्तानपुर की डकैती में शामिल लोगों से सत्ता पक्ष का गहरा संपर्क था, इसीलिए तो नकली एनकाउंटर से पहले 'मुख्य आरोपी' से संपर्क साधकर सरेंडर करा दिया गया और अन्य सपक्षीय लोगों के पैरों पर सिर्फ दिखावटी गोली मारी गयी और 'जात' देखकर जान ली गयी।जब मुख्य आरोपी ने सरेंडर कर दिया है तो लूट का सारा माल भी पूरा वापस होना चाहिए और सरकार को मुआवजा अलग से देना चाहिए क्योंकि ऐसी घटनाओं का जो मानसिक आघात होता है उससे उबरने में बहुत समय लगता है, जिससे व्यापार की हानि होती है, जिसकी क्षतिपूर्ति सरकार करे। नकली एनकाउंटर रक्षक को भक्षक बना देते हैं। समाधान नकली एनकाउंटर नहीं, असली कानून–व्यवस्था है। भाजपा राज अपराधियों का अमृतकाल है। जब तक जनता का दबाव व आक्रोश चरम सीमा पर नहीं पहुंच जाता है, तब तक लूट में हिस्सेदारी का काम चलता रहता है और जब लगता है जनता घेर लेगी तो नकली एनकाउंटर का ऊपरी मरहम लगाने का दिखावा होता है। जनता सब समझती है कि कैसे कुछ लोगों को बचाया जाता है और कैसे लोगों को फंसाया जाता है। घोर निंदनीय है।



## 69000 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने एक और मंत्री का आवास घेरा, राजभर ने बाहर आकर की मुलाकात

69000 सहायक शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने बृहस्पतिवार को यूपी सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर के आवास का घेराव किया। उन्होंने मंत्री को ज्ञापन सौंपा।यूपी में 69000 सहायक शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का धरना प्रदर्शन जारी है। अभ्यर्थियों ने बृहस्पतिवार को यूपी सरकार के एक और मंत्री ओम प्रकाश राजभर के लखनऊ स्थित आवास का घेराव किया और अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।मंत्री राजभर खुद बाहर आए और अभ्यर्थियों को न्याय का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होगा। इसके पहले, अभ्यर्थियों ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और आशीष पटेल के आवास का भी घेराव किया। बुधवार को अभ्यर्थियों ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के आवास का घेराव किया था।अभ्यर्थी नई सूची जल्द जारी करने सहित पहले सूची जारी करने वाले अधिकारियों को प्रक्रिया से अलग करने सहित कई मांगें कर रहे हैं।




## 30 दिन में चौथी बार अयोध्या पहुंचे सीएम योगी, बोले– काशी के बाद अब अयोध्याधाम भी तमिलनाडु से जुड़ा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के रामसेवक पुरम में आयोजित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शिरकत कर रहे हैं। यह दक्षिण भारतीय परंपरा पर आधारित शिव मंदिर है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनाथ स्वामी मंदिर के कुंभाभिषेकम और जीर्णोद्धार समारोह में कहा कि अयोध्या और तमिलनाडु का एक विशेष रिश्ता है। हजारों वर्ष पहले श्रीराम श्रीलंका में सीता माता की खोज के लिए निकले थे तब उन्होंने तमिलनाडु में भगवान शिव की आराधना की थी, जहां आज रामेश्वरम स्थापित है। भगवान शिव की कृपा से सेतुबंध का भी निर्माण हुआ था।एक मान्यता और है कि भगवान जब सीता को लेकर वापस आ रहे थे तो माता सीता ने रामनाथ स्वामी मंदिर में पूजा अर्चना की थी। संपूर्ण भारत एक है, यह आध्यात्मिक परंपरा आगे बढ़ रही है। अयोध्या में रामनाथ स्वामी का मंदिर बन गया है। मत, संप्रदाय, पंथ की उपासना विधि की अनेकता के बावजूद एक भारत श्रेष्ठ भारत का संकल्प आगे बढ़ रहा है। इससे पहले मोदी जी की प्रेरणा से काशी तमिल संगम के दो संस्करण हो चुके हैं। काशी के बाद अयोध्या धाम भी तमिलनाडु से जुड़ चुका है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक संकीर्णता में फंसे कुछ लोग समाज को बांटने की कोशिश करते रहते हैं। ऐसे समय में रामनाथ स्वामी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का समारोह एक नई प्रेरणा हो सकता है। इससे प्रेरित होकर एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाएंगे। भारत सांस्कृतिक रूप से हर कालखंड में एक रहा है। वैदिक साहित्य इसका उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। हमारे शास्त्र इसका उदाहरण है। संतों की परंपरा, धर्म स्थल इनके प्रमाण हैं। सरकार अलग–अलग रही हो लेकिन सांस्कृतिक एकता कभी खंडित नहीं हुई। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब तक तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। अयोध्या दुनिया की सबसे सुंदर आध्यात्मिक नगरी बन रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को 30 दिन के भीतर चौथी बार अयोध्या पहुंचे। सीएम रामसेवक पुरम में शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत कर रहे हैं। वे 25 फीट ऊंचे मंदिर के शिखर पर कलश स्थापित कर रहे हैं। यहां पहुंचने पर उनका दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार उनका स्वागत किया गया। यहां अशोक सिंहल फाउंडेशन की ओर से आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होंगे। इन दोनों कार्यक्रमों के बाद सीएम रामलला और हनुमानगढ़ी के दरबार में भी हाजिरी लगाएंगे। अयोध्या में दक्षिण भारतीय परंपरा के पहले शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सीएम योगी आदित्यनाथ ने की।



# संपादकीय Editorial

## Bulldozer will not work

Although this is the position of law, but in most of the cases it is being violated. We are not in favour of giving protection to illegal construction or encroachment. A person may be accused or convicted in any case, someone's son may be stubborn or a criminal, but in no case can his house be demolished by running a bulldozer. This is not democratic, but medieval, tribal justice. Home is related to the human rights of anyone. It is also a fundamental right. You cannot snatch anyone's home in the name of 'justice'. Apart from the accused or criminal, other family members also live in the house. Why should they suddenly come on the road? They have not committed any crime. It is not in any definition of crime and punishment that along with the criminal, his family members should also suffer punishment. If the construction is illegal, then legal action should be taken. Demolishing the house is not a legal action at all. Now the time has come to set guidelines in view of bulldozer action, which are effective and applicable across the country. This is a summary of the important comments made by Supreme Court Justice BR Gavai and Justice Vishwanathan during the hearing on 'bulldozer justice'. The judges prima facie do not consider the government action of demolishing houses, buildings, properties by running bulldozers as 'legal'. This is the basic thinking of the initial decision and through this the apex court has hammered 'bulldozer justice'. The hearing is going on in the court and the next date is 17 September. The judicial bench has sought suggestions from all the parties, so that all-India guidelines can be set. In fact, 'bulldozer action' in India was started by UP Chief Minister Yogi Adityanath. After coming to power in 2017, he linked the bulldozer with law and order, so that criminals and mafia could be afraid. Yogi got the houses, buildings, properties of some notorious mafias bulldozed and turned them into 'debris'. While taking this action, a 'particular community' was mostly targeted, so 'Jamiat Ulema-e-Hind' filed a petition in the Supreme Court emphasizing on this point that mostly Muslims have been targeted and this 'destructive process' is still going on. 'Bulldozer Nyaya' was used by the then Chief Minister Kamal Nath in Madhya Pradesh in 2018, then Chief Minister Ashok Gehlot of Rajasthan and Uddhav Thackeray government of 'Maha Vikas Aghadi' of Maharashtra. Apart from UP, BJP-ruled governments of Gujarat, Rajasthan, Haryana, Assam and Madhya Pradesh are also running bulldozers a lot. It is surprising that the Government of India did not find anything 'inhuman' in these exercises and neither were any instructions given that doing so is illegal. Between 2020 and 2022, bulldozers have been run on 12,640 alleged illegal constructions. Now this figure must have increased even more. From a juice shop in Delhi to a tempo driver in Rajasthan and a load-loading labourer in MP, bulldozers have been used and properties have been demolished. Last August, two children were stabbed in Udaipur, Rajasthan. The house of the accused child, who was studying in 10th standard, was bulldozed. Look at the government's negligence that the house was rented. Two cases have also come up in Ujjain and Indore, in which bulldozers were used, but the court declared them innocent. The question is that if the governments keep running bulldozers like this by closing their eyes and burying their conscience, then what compensation will have to be paid in case of innocence? Will the courts force the governments to pay compensation? Apart from 'Jamiat Ulema-e-Hind', former Rajya Sabha MP and leftist leader Brinda Karat and some other organizations have also filed petitions in the Supreme Court. All of them are being heard together. Bulldozing is a cruel and unjust action. Justice should not be insulted by terming it synonymous.

# The real story of the hijacking of flight number IC814: If someone had checked the papers properly, the IC814 Kandahar incident would not have happened.

The story of the IC814 hijacking shown on the screen has once again opened the wounds of that hijacking incident. Let us tell you the real story of the IC814 hijacking. The story that came to light during the investigation of this hijacking incident, because this story tells that if the system of identification and documents in the country had been strong, then perhaps this plane hijacking conspiracy would have been foiled in the beginning itself. It is said that time heals every wound. It is also true that the balm of time heals wounds slowly. But there are some incidents which leave deep scars and the memories of their pain always remain fresh. One such incident was the hijacking of Indian Airlines plane IC814 coming from Kathmandu to Delhi on the evening of 24 December 1999. It has been 25 years now since this hijacking incident. But the pain of this incident still haunts India. The pain of this wound is even more because the three terrorists who were freed in the release of the passengers included the dreaded terrorist Azhar, who is still inflicting wounds on India with terrorist acts. The story of IC814 hijacking shown on the screen has once again opened the wounds of that hijacking incident and has also raised the questions related to it. Some of these questions are such whose answers have come out with time and have become a lesson for the government and the system. At the same time, there are some questions which are still standing as questions. We will talk about the questions and lessons later. But first of all, let me tell you the real story of IC814 hijacking. The story which came to light during the investigation of this hijacking incident. Because this story tells that if the system of identity and documents was strong in the country, then perhaps this plane hijacking conspiracy would have been stopped in the beginning itself. The report of the CBI investigation on the conspiracy of this plane crash tells how the terrorists who came from Pakistan kept making fake documents in India and kept their identity hidden. Before executing the conspiracy, the terrorists not only got passports and driving licenses made in the country with fake identities but also kept travelling easily within and outside India. Obviously, if the process of identification and making documents of citizens in India was vigilant at that time, their plans would not have succeeded. Investigation of the conspiracy shows that its strings are not only connected to Kathmandu and Kandahar, but the pages of this conspiracy are scattered in many cities of India and neighboring countries. Jammu Chapter- The root of the Kandahar plane hijacking conspiracy was the release of terrorist leader Masood Azhar. Its seed was sown in the month of July-August in 1998 when Masood Azhar's brother-in-law Yusuf Azhar sought help from Abdul Latif, who lives in Mumbai, to release the terrorist leader imprisoned in Jammu jail. For this, in September 1998, Yusuf had asked Latif to get an Indian passport made for him in the name of Mohammad Salim Mohammad Karim and to obtain a Bangladesh visa on it. Later, Latif had arranged a rented flat for the terrorists in Madhav Building in Goregaon area of ??Mumbai on the fake identity of Javed A. Siddiqui. Chapter 2- Part 1- In April 1999, Yusuf Azhar reached Mumbai with his friend Shakir and both of them started living in the same flat in Madhav Building in Goregaon area of ??Mumbai which was arranged by Latif. Not only this, while staying in Mumbai, Yusuf Azhar got fake passports made for Maulana Masood Azhar's brother Ibrahim Athar and his friend Shakir with the help of a local company. In the month of May-June 1999, Yusuf Azhar went to Jammu with his two friends Akhtar, alias Shahid Saeed Akhtar, SA Saeed, alias Moti, alias Khalid alias Doctor and Ashraf so that Maulana Masood Azhar could be freed from the Jammu jail through a tunnel. This plan to free the Maulana from Kot Bhalwal jail of Jammu failed. Terrorist Sajjad Afghani was killed while trying to escape and Maulana Masood Azhar got stuck in the tunnel due to obesity. Meanwhile, when Inspector Kulbir Chand Handa was checking the vehicles at Indira Chowk in Jammu on 12 June 1999, Yusuf Azhar and Akhtar were detained for suspicious movement near Jammu jail. As soon as Latif, who was in Mumbai, got the news of this incident, he contacted the manager of the hotel in Jammu where the three terrorists were staying. Latif asked the hotel manager to try to get Yusuf and Akhtar released. The trick was successful. The police also released both the 'guests' on the guarantee of the hotel manager. Yusuf, who returned to Mumbai after the plan failed in Jammu, once again asked Abdul Latif to arrange a new flat. This time too, Latif arranged a flat in Golden Soil Apartment in Goregaon on the fake identity of Javed A Siddiqui. Latif also started living in this flat along with Yusuf. After a few days, Yusuf sent Latif to Delhi to obtain Bangladesh visa on his fake Indian passport. Latif obtained Bangladesh visa on Yusuf Azhar's passport made in the name of Mohammad Salim Mohammad Karim and his own fake passport made in the identity of Vipin Bharat Desai and returned to Mumbai. Calcutta Chapter- Yusuf and Latif reached Calcutta in July 1999. After spending two days in Hotel Amina located on Jararia Street of Calcutta, both left for Danapur border by car. After crossing the border, both travelled to Dhaka by bus. Dhaka Chapter- After reaching Dhaka, Yusuf left for Karachi. But before leaving, Yusuf wrote a letter to Latif Latif was asked to stay in Dhaka and wait for Abdul Rauf, who is Masood Azhar's younger brother and is coming from Kathmandu. Upon reaching Dhaka, Rauf told Latif about the plan being made to release Maulana from jail. Meanwhile, Shahid Akhtar and Shakir also reached Dhaka from Mumbai. Sunny Ahmed Kazi alias Burger was also present there. Arrangements were made for everyone to stay near the Dhaka cantonment. Within a few days, first Mistry Zahoor Ibrahim alias Bhola and then Ibrahim Athar alias Chief, who was planning to hijack the plane in Kathmandu, reached Dhaka. Sometime in September 1999, the seven people including Abdul Rauf met for the first time in which the plan of hijacking the plane was prepared. Ibrahim Athar told them that hijacking the Indian Airlines plane from Kathmandu is very easy and he is also arranging weapons for this in Nepal itself. He also told that the plane will be taken from Kathmandu to Afghanistan and for this he has also spoken to the minister of Taliban. In the plan, Latif was given the task of arranging passports and driving licenses for Pakistani terrorists. Mumbai Chapter Part-2- Abdul Latif and Sunny Ahmed Qazi reached India on 11 September 1999 and came to Mumbai via Siliguri and Patna. After reaching Mumbai, Latif started helping his terrorist masters. Also, with the help of his network, he started the work of making passport and license for Sunny Ahmed Qazi alias Burger. Latif also got a mobile number 9820110317 to stay in touch with the terrorist masters. After a few days, he got a message from Abdul Rauf on this number that he is sending two more terrorists to Malda and Latif should make arrangements to receive them. Latif fabricated a false story and convinced his old acquaintance Chandan Rai, who works in a hotel, to help. Chandan had reached Malda on 6 October 1999 by boarding the Gitanjali Express. However, he could meet the people he had come to pick up only after a few days. One of these people told his name as Rajesh Verma (who later became Shankar during the hijacking). Rajesh asked Chandan to buy three tickets from Malda to Katihar. The same day, all three (Chandan, Rajesh and Shahid Saeed Akhtar) first came to Katihar and then reached Patna on 11 October 1999. After spending the day in Patna, all three caught a train to Mumbai and reached Mumbai on 14 October 1999. In a few days, Zahoor Ibrahim Mistry (Bhola) also reached Mumbai. Kathmandu Chapter- Preparations for this conspiracy were already going on in Kathmandu. However, Yusuf Nepali, .who made a living by doing small business in Kathmandu, did not know when he became a part of the conspiracy of a dangerous crime like plane hijacking. In November 1999, Abdul Latif and Shahid Saeed Akhtar reached Kathmandu to execute the preparations of this conspiracy. However, their journey from Mumbai to Kathmandu was not direct. Both of them first came to Calcutta from Mumbai by Indian Airlines flight and from Sealdah Railway Station they first traveled to Jalpaiguri and then to Kathmandu by road. Both of them reached Kathmandu on 4 November 1999. This team of conspirators and hijackers was waiting for Ibrahim Akhtar to arrive from Pakistan, who arrived on 19 November 1999. After Akhtar's arrival in Kathmandu, preparations to execute the plan intensified. At the Tibet Guest House in Kathmandu, Shahid Saeed Akhtar showed everyone the weapons that were used in this plane hijacking. This included three revolvers, three hand grenades and many cartridges. On November 23, 1999, the conspirators changed their address once again and started living in Thamel area of ??Kathmandu. Meanwhile, Abdul Latif returned to Mumbai on November 25, 1999 by Royal Nepal Airlines flight. After obtaining a passport for Ibrahim Athar in Mumbai and picking up Zahoor Ibrahim Mistry, Latif once again headed towards Kathmandu. Latif made his booking in the name of Vijay Gupta at Swaniga Hotel in Kathmandu. Meanwhile, Sunny Ahmed Kazi, who came to Kathmandu on December 10, and Zahoor Ahmed, who was already present, made Hotel Imperial their hideout. However, the process of changing addresses of the terrorists continued in the meantime. On December 13, 1999, Abdul Latif Shakir, Sunny Ahmed Kazi, along with Zahoor Ibrahim came to Hotel Pisang in Kathmandu. It was decided that everyone would meet at the zoo in Kathmandu where Ibrahim Athar would tell everyone about his entire plan. In the zoo's code meeting it was decided that Latif would not be present during the hijacking of the plane. The terrorist bosses asked him to return to Mumbai. But with the instruction that he would always be in touch with Abdul Rauf in Karachi. In the zoo meeting itself it was also decided what would be the code names for the identities during the hijacking. Everyone was told that Ibrahim Athar would introduce himself as Chief, Sunny Ahmed Qazi's name would be Burger, Shahid Saeed Akhtar would be called Doctor, Shakir's name would be Shankar and Zahoor Ibrahim Mistry's name would be Bhola. The conspirators also assigned the task of buying confirmed tickets of Indian Airlines between 20 and 30 December to Latif, who had been helping till now. He was also asked to buy a ticket for himself a week before this. In the zoo meeting the plan of carrying weapons in the plane was also discussed. According to the plan, Ibrahim Athar, Sunny Ahmed Qazi and Saeed Akhtar were to take the weapons inside. One of these men would reach the airport in advance with the weapon hidden in his clothes. If he enters without any hindrance, he will send a message to the others. After this, all the terrorists will leave the hotel and reach the airport. According to this plan, on the day of hijacking, Ibrahim Athar entered the airport first and crossed the immigration and security check. Later, all the terrorists met together in the airport lounge. Confirmed ticket changed the date of hijacking. Before going to Kathmandu, Latif bought a business class ticket for Ibrahim Athar in the name of Ahmed Ali Muhammad Ali Sheikh for December 27. He went to another travel agency to get economy class tickets for the other terrorists but he could not get 4 tickets for December 27. The travel agent told him that confirmed tickets for December 24 are available. In such a situation, Latif returned the December 27 ticket bought for Ibrahim Athar and bought Indian Airlines flight tickets for December 24, 1999 for everyone. Latif bought a ticket for himself from Kathmandu for Indian Airlines flight IC-814 for December 17, 1999 and reached Delhi. Latif reached Mumbai by train from Delhi on 19 December and after arriving he informed Abdul Rauf about this. During this time he also maintained contact in Kathmandu. 24 December 1999- Operation Hijack- Before executing the plan of hijacking the plane, the terrorists also erased the traces of their conspiracy. In this connection, Shahid Saeed Akhtar sent a message to Abdul Latif in Mumbai that he is sending a Yusuf Nepali whose stay has to be arranged in Golden Soil Apartments in Mumbai. Latif also has to arrange a passport and Bangladesh visa for him.

# रील बनाते समय पेड़ से टकराई स्कूटी, छात्र की मौत, दो घायल

मुरादाबाद। तीन छात्रों की रील बनाते समय स्कूटी पेड़ से टकरा गई। जिसमें एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। राहगीरों ने तीनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। बाकी दोनों को उपचार के बाद घर भेज दिया। वहीं छात्र की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पाकबड़ा थाना क्षेत्र के मोहल्ला पश्चिमी ठाकुरान निकट होली वाला कुआं निवासी सुभाष सिंह उर्फ लल्ला ठाकुर का बेटा आर्यन उर्फ अमन ठाकुर ( 14 वर्ष ) अपने दोस्त प्रियांशु पुत्र जितेंद्र निवासी पोस्ट ऑफिस व अर्श पुत्र आलम निवासी शनिवार का बाजार क़स्बा पाकबड़ा के साथ स्कूटी से नया मुरादाबाद के सेक्टर 15 में प्रधानमंत्री आवास योजना के निकट स्कूटी से जा रहे थे। स्कूटी पर तीनों छात्र रील बना रहे थे। तेज रफ्तार स्कूटी के सामने जैसे ही मोड़ आया। छात्र स्कूटी नहीं मोड़ पाया और सामने डिवाइडर पर लगे पेड़ में स्कूटी टकरा गई। पेड़ से टकराने के बाद तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने बताया कि स्कूटी की रफ्तार अधिक थी। अनियंत्रित होकर जिस वजह से वह पेड़ से टकरा गई। राहगीरों ने तीनों को नया मुरादाबाद स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराने के लिए भेजा। वहां से तीनों को दिल्ली रोड स्थित तीर्थंकर महावीर अस्पताल में भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने आर्यन ठाकुर को मृत घोषित कर दिया। बाकी दोनों के कम चोटे होने पर उपचार के बाद घर भेज दिया। जैसे ही इसकी सूचना परिवार वालों को पहुंची। परिवार में कोहराम मच गया। तीनों छात्र पाकबड़ा के एके पब्लिक स्कूल में हाई स्कूल के छात्र थे। चार बहनों का इकलौता भाई था आर्यन- आर्यन चार बहनों में अकेला भाई था। वह परिवार में सभी का दुलारा था। इकलौते भाई के जाने से माता-पिता और बहनों को रो-रोकर बुरा हाल है। कुछ तो थोड़ी-थोड़ी देर में ही बेहोश हो जा रही हैं। मां का रो रोकर बुरा हाल है। जो अपनी सुध-बुध खो चुकी है और बेहोशी की हालत में है। मन्नतों के बाद 14 साल बाद हुआ था पैदा - देवी-देवताओं से मन्नतें मांगने के बाद 14 साल बाद आर्यन का जन्म हुआ था। आर्यन चार बहनों में सबसे छोटा था। परिजनों ने बताया कि वह 14 साल बाद पैदा हुआ था और 14 वर्ष की अल्पायु में ही वह चला गया। इकलौता होने की वजह से बहनों और माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है



## झूठे केस में फंसाकर साजिद को जेल भिजवाना चाहता था राशिद...विवेचना में खुला राज

मुरादाबाद-हत्या के प्रयास में साजिद को झूठे मुकदमे में फंसाने के लिए राशिद ने योजनाबद्ध तरीके से अपने ऊपर गोली चलवाई थी। विवेचना में राशिद के राज का पर्दाफाश हो गया। वारदात को अंजाम देने के लिए 80 हजार रुपये में डील फाइनल हुई थी। जिसमें से राशिद ने 15 हजार रुपये एडवांस दिए थे। घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। पूछताछ में आरोपी राशिद ने बताया कि साजिद के 4 लाख 20 हजार रुपये उधार थे। बार-बार पैसे मांगने पर साजिद से तंग आ गया था। इसीलिए उसने वारदात को अंजाम देने के लिए दोस्त फईम ने इस्माइल, निशांत राघव उर्फ जानू, अनमोल से मिलवाया। इसके बाद पांचों ने मिलकर साजिद को झूठे केस में फंसाने की योजना बनाई। जेल भेज दिया है। वहीं एक फरार है।

## योगी जी आपके आदेशो को ठेंगा दिखा कर अधिकारी व पुलिसकर्मी कर रहे हैं पत्रकारों के साथ बदसलूकी, एक्टिव प्रेस क्लब ने जताई नाराज़गी

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद।उत्तर प्रदेश के कई अलग - अलग ज़िलो मे अधिकारियों व पुलिसकर्मियों द्वारा पत्रकारों के साथ बदसलूकी किए जाने के मामले मे एक्टिव प्रेस क्लब ठाकुरद्वारा के अध्यक्ष सतीश चौधरी के नेतृत्व मे दर्जनों पत्रकारों ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा।ज्ञापन मे अपनी मर्यादा भूल चुके अधिकारी व पुलिसकर्मियों के साथ - साथ पत्रकार से बदसलूकी करने वाले मंत्री पर भी कार्यवाही किए जाने व संपत्ति की जांच करने की भी मांग की गई है। ज्ञापन मे कहा गया ही कि प्रदेश में भाजपा सरकार है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने सरकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराने पहुँचने वालों को सह सम्मान कुर्सी देकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। वहीं पत्रकार की सुरक्षा व सम्मान के लिए प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को सम्मान देने व बिना जांच किए झूठे मुकदमें न लिखे जाने तथा किसी भी प्रकरण के संबंध मे जानकारी करने पहुंचे पत्रकारों को पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश प्रशासन को दे रखे है। मुख्यमंत्री के आदेशो को दरकिनारे करते हुए उत्तर प्रदेश के जनपद अमेठी की तहसील मुसाफिरखाना की एसडीएम द्वाराा महिला पत्रकार जब उनके कार्यालय पहुँची तो महिला पत्रकार के साथ अभद्रता करते हुए कार्यालय से बाहर निकाल दिया। वहीं जोनपुर में भी दो पुलिस कर्मियों द्वारा पत्रकार के घर में हमला कर पत्रकारो को बुरी तरह मारा पीटा और उल्टा पत्रकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उधर उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री से भ्रष्टाचार पर चैनल के पत्रकार द्वारा सवाल पूछे जाने पर आग बबूला होना और तींखी नोंक झोंक की है। प्रदेश के थाना सुरेरी के ग्राम सभा जगदीशपुर में डायल 112 पुलिस द्वारा अखबार के पत्रकार के साथ नेम प्लेट ना होने पर जानकारी की तो पुलिस कर्मी द्वारा थप्पड़ मारा गया। आपसे निवेद है कि उत्तर प्रदेश में बढ़ते उत्पीड़न में तत्काल प्रभाव से अंकुश लगााया जाए, अन्यथा एक्टिव प्रेस क्लब पत्रकार आंदोलन को बाध्या होंगे हमारी निम्न मांगे है।1-अमेठी की तहसील मुसाफिरखाना की एसडीएम को तत्काल से बर्खास्त किया जाए। 2-थाना सुरेरी में तीन पत्रकारों के साथ मारपीट करने वालें डायल 112 पुलिस कर्मियों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाए। 3-जौनपुर में पत्रकार के साथ मारपीट करने वाले पुलिस को कर्मियों को संस्पेंड किया जाए। 4- चैनल के पत्रकार के साथ भ्रष्टाचार जानकारी करने पर की भड़कने वाले मंत्री को बर्खास्त कर संपत्ति की जांच की जाए।



# पहले बिल जमा करो, फिर होगा संशोधन...बिजली कर्मचारी खराब मीटर उतार ले जाए तो बनाएं वीडियो

मुरादाबाद-मीटर रीडिंग जंप करने के खेल में बिजली उपभोक्ताओं को चूना लगाया जा रहा है। उपभोक्ताओं का 400 से 900 रुपये तक का आने वाला बिल अब हजारों रुपये का आने लगा है। बिजली कर्मचारियों की इस मनमानी ने उपभोक्ताओं के सामने एक बड़ी समस्या पैदा कर दी है। अचानक बढ़े बिल को देख कर उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। बिल का संशोधन अधिशासी अभियंता के कार्यालय का महीनों चक्कर काटने के बाद भी नहीं हो पा रहा है। अचानक बढ़े बिल पर ब्याज की चिंता से उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। आपका मीटर यदि खराब हो गया है, या फिर आपने बिजली विभाग में मीटर रीडिंग जंप की शिकायत की है तो ध्यान रहे, जब बिजली कर्मचारी मीटर उतारने आएं तो उस वक्त बिजली कर्मचारी के कार्य की वीडियो जरूर बना लें। इतना ही नहीं जब मीटर उतार कर ले जाने की बात हो तो मीटर को अपने सामने सील कराएं। क्योंकि उसके बाद आपका खराब मीटर बिजली विभाग की टेस्ट लैब में जाएगा और उसके बाद आपका हजार बाहर सौ रुपयों का आने वाले बिल सीधे 10-20 हजार रुपये का होकर आएगा। यदि आप मीटर की सील अपने सामने कराएंगे तो टेस्ट लैब से आपके पास मीटर टेस्ट कराने से पहले फोन जरूर आएगा। जिसके बाद मीटर आपके सामने खोला जाएगा। बिजली विभाग का नियम भी ऐसा ही है। पर अब बिजली कर्मचारी ऐसा नहीं करते जिससे अब उपभोक्ताओं को हजारों रुपयों का बिल अपनी गलती के चलते दंड के रूप में जमा करना पड़ रहा है। ऐसे कई मामलों में विभाग की कलई खुलकर सामने आई है। बिल में संशोधन को एक माह से काट रहे चक्कर- इस्लामउद्दीन निवासी मोहल्ला नागफनी ने बताया की उनके दो मकान है। एक मकान नागफनी में है जहां वह नहीं रहते। कभी-कभी उनका वहां आना जाना होता है। तभी बिजली का इस्तेमाल होता है। पिछले कई सालों से मई के महीने तक बिजली का बिल 800- 900 रुपये के बीच आता था। लेकिन, जून में मीटर चलना बंद हो गया। तहसील स्कूल विद्युत केंद्र के एसडीओ को लिखित में मीटर बदलने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। अगले दिन ही मीटर बदल गया। जिसके बाद जुलाई के महीने में 8600 रुपये का बिल बिजली विभाग ने थमा दिया। इसे लेकर विद्युत केंद्र पहुंचे तो पता चला कि अधिशासी अभियंता के कार्यालय में बिल का संशोधन होगा। एक महीने से चक्कर काट रहा हूं लेकिन, कोई सुनने वाला नहीं है। पहले बिल जमा करो, फिर होगा संशोधन- मोहल्ला दीवान का बाजार के रहने वाले कपिल शर्मा का जून महीने का बिजली का बिल 25 हजार 400 रुपये का आया था। उन्होंने बताया कि दो महीने से बिल संशोधन कराने के लिए बिजली विभाग के चक्कर काटकर थक गया, अब तक बिल सही नहीं हो पाया है। इससे पहले मेरा बिजली का बिल सामान्य तौर पर 1000- 1200 रुपये का आता रहा है। 20 दिन से बिल सही कराने के लिए चक्कर लगाने के बाद जेई ने बताया कि मीटर खराब है। मीटर बदला जाएगा बिल जमा करा दो। बाद में संशोधन की बात होगी। पहले बिल जमा करना पड़ेगा। अब उपभोक्ता परेशान हैं कि क्या करें? खराब मीटर टेस्ट लैब में जब चेक होता है तब मीटर के संबंधित उपभोक्ता को सूचना देकर बुलाया जाता है। अगर किसी को बगैर सूचित किए ही मीटर टेस्ट लैब में चेक किया गया है तो यह गलत है। रीडिंग जंप वाले बिलों में संशोधन कराने के लिए संबंधित अधिशासी अभियंता से संपर्क करें।-आरके बंसल, मुख्य अभियंता

# एनएचएआई की 24 घंटे निगरानी में टोल प्लाजा, लगे हैं 45 कैमरे

मुरादाबाद।मुरादाबाद से बरेली के बीच हाईवे पर दो टोल प्लाजा हैं। पहला दलपतपुर में और दूसरा रामपुर के आगे फतेहगंज पश्चिम में। इन दोनों टॉल प्लाजा पर होने वाली संपूर्ण गतिविधियां एनएचएआई की 24 घंटे की निगरानी में आ गई हैं। यहां पर लगने वाला जाम या कर्मियों की गतिविधियां अथवा वाहनों का आवागमन सब कुछ एनएचएआई का आईटी सिस्टम देख रहा है। जिसके क्रम में एनएचएआई कार्रवाई भी कर रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ( एनएचएआई ) नेशनल हाईवे पर सुचारु ट्रैफिक फ्लो ( यातायात प्रवाह ) सुनिश्चित करने के लिए सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर टोल प्लाजा की निगरानी कर रहा है। इसके लिए दलपतपुर टोल प्लाजा पर कुल 45 उच्च क्वालिटी वाले कैमरे लगे हैं। बताया जा रहा है कि एनएचएआई ने पूर्व में टोल प्लाजाओं का राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्पलाइन के जरिए वाहनों की भीड़भाड़ के संबंध में फीडबैक हासिल की थी। इसी के आधार पर एनएचएआई लाइव मॉनिटरिंग सिस्टम ( लाइव निगरानी प्रणाली ) रियल टाइम में भीड़भाड़ आदि की निगरानी कर रहा है। टोल प्लाजा पर वाहनों की कतारें निर्धारित सीमा से ज्यादा होने पर लेन व्यवस्थित की जा रही हैं। बताया जा रहा है कि इस मॉनिटरिंग सर्विस को धीरे-धीरे लगभग सभी टोल प्लाजा पर विकसित किया जा रहा है। संबंधित सॉफ्टवेयर हर टोल प्लाजा का नाम और स्थान, मीटर में कतार की लंबाई की लाइव स्थिति, कुल वेटिंग टाइम और वाहन की रफ्तार सहित विस्तृत जानकारी दे रहा है। इन व्यवस्थाओं के बाद से एनएचएआई अधिकारी टोल प्लाजा पर यातायात का प्रबंधन करने और वाहनों की भीड़भाड़ कम करने के लिए सक्रिय दिख रहे हैं। दलपतपुर टोल प्लाजा के आईटी मैनेजर मनीष सक्सेना ने बताया कि प्लाजा पर 24 घंटे होने वाली गतिविधियों को वॉच करने के लिए ही एनएचएआई ने कुछ समय पहले उनसे आईपी एड्रेस लिया था। इसके बाद से टोल प्लाजा पर लगे सभी कैमरे के फुटेज पर एनएचएआई मुख्यालय नजर बनाए है। उन्होंने बताया कि टोल प्लाजा पर प्रत्येक लेन में तीन-तीन कैमरे लगे हैं। इस तरह कुल 14 लेन में 42 सीसीटीवी कैमरे हैं। कार्यालय में भी तीन कैमरे लगे हैं, जो चारों ओर घूमते हैं। ये कैमरा 25 मीटर दूरी कवर करते हैं, जूम करने पर इससे दोगुनी दूरी के दृश्य को स्पष्ट करने में समक्ष हैं। कैमरा और सभी लेन पर लगे अन्य उपकरणों की सीधे एनएचएआई मॉनीटरिंग कर रहा है। कौन सी लेन कितनी देर बंद या खुली रही है, किस लेन पर कितना ट्रैफिक रहा। कौन सी लेन पर उपकरण काम कर रहे हैं या निष्क्रिय हैं, आदि विवरण की जानकारी एनएचएआई को हर समय अपडेट रहती है। पूरा टोल प्लाजा कैमरे से युक्त है। आईटी मैनेजर ने बताया कि इस तरह एनएचएआई का सिस्टम टोल प्लाजा के सर्वर से कनेक्ट है, जो संपूर्ण जानकारी एकत्र करता है। आईटी मैनेजर ने बताया कि एनएचएआई की निगरानी से एक लाभ ये भी है कि टोल प्लाजा पर वाहनों की जाम या अन्य किसी विवाद के बारे में हवा-हवाई आरोपों से बचने में आसानी हो रही है। कर्मचारी भी अपने दायित्व के प्रति अलर्ट रहते हैं। वाहनों की भीड़ होने पर होती है नियंत्रण की कार्रवाई- आईटी मैनेजर ने बताया कि टोल प्लाजा पर किसी लेन में यदि वाहनों की भीड़ अधिक लग रही है तो उसका निस्तारण अभी मैनुअल तरीके से ही किया जा रहा है। इसके लिए लेन असिस्टेंट तैनात हैं, जो लेन पर अधिक ट्रैफिक होता है तो उसे वह डिवाइडर लगाकर या डायवर्जन कर नियंत्रित करते हैं। टोल प्लाजा पर एक लेन डेडिकेटेड होती है, इसमें केवल कार निकल सकती है। यह लेन वीआईपी के लिए आरक्षित है। यह लेन मुरादाबाद से बरेली की तरफ जाने पर 11 नंबर की है और रामपुर की तरफ से 4 नंबर वाली लेन है। इसमें मैन पॉवर का प्रयोग नहीं है।




## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक दिवस पर एजुकेटर नियुक्ति के विरोध में गरजीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, सौंपा ज्ञापन

मुरादाबाद। आंगनबाड़ी केंद्रों पर एजुकेटर नियुक्ति के विरोध में




आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने आंबेडकर पार्क में धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही नई शिक्षा नीति के खिलाफ एक ज्ञापन भी सौंपा। कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर अलग से भर्ती नहीं होनी चाहिए।

### मंकीपॉक्स को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, जांच में सतर्कता के आदेश

मुरादाबाद-मंकीपॉक्स को लेकर शासन से निर्देश मिलने के बाद सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने सरकारी और निजी अस्पतालों के डॉक्टर को अलर्ट कर दिया है। बताया कि पूर्ववर्ती आउटब्रेक्स के दौरान भारत में मंकीपॉक्स के संक्रमण के कुछ रोगी मिले हैं। मंकीपॉक्स का संक्रमण का अंतिम रोगी मार्च 2024 में केरल में मिला था। स्पष्ट है कि देश में इस रोग के संक्रमण होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने डॉक्टरों को बताया कि वैश्विक रूप से इस रोग के रोगी स्थानीय संक्रमण के साथ-साथ अफ्रीकी देशों की यात्रा के कारण भी पाए गए हैं। सीएमओ ने बताया कि जिले में बुखार ऐसे रोगी जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय यात्रा भी की हो, उनके संबंध में सूचना प्राप्त होने पर संबंधित व्यक्ति को आइसोलेशन प्रक्रिया के बारे में जानकारी देनी होगा और सैंपल केजीएमयू की राज्य संदर्भ प्रयोगशाला को भेजे जाएंगे। ऐसे व्यक्ति के विषय में सभी जानकारी राज्य सर्विलांस इकाई को भेजनी होगी। मंकीपॉक्स के लक्षण दिखने पर संबंधित रोगी को तत्काल उच्च उपचार मिल सके, इसके लिए शासन स्तर से राज्य स्तरीय हेल्पलाइन नंबर ( 18001805145 ) भी जारी कर दिया गया है। सीएमओ ने बताया कि मंकीपॉक्स मुख्यत~ मध्य और पश्चिमी अफ्रीका के उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों में पाया जाने वाला एक वायरस जूनोटिक रोग है। इसे अभी 14 अगस्त को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न ( सार्वजनिक स्वास्थ्य पर अंतर्राष्ट्रीय चिंता ) घोषित किया है। मंकीपॉक्स संक्रमण के शुरुआती लक्षण- सीएमओ ने डॉक्टरों को जानकारी देते हुए कहा कि शरीर पर दाने, बुखार और लसिका ग्रंथियों में सूजन मंकीपॉक्स के मुख्य प्रारंभिक लक्षण हैं। इसके बाद रोगी में अन्य चिकित्सीय जटिलताएं विकसित हो सकती हैं। मनुष्यों में मंकीपॉक्स रोग पशुओं अथवा अन्य संक्रमित मनुष्यों से संचरित हो सकता है। इस रोग का वायरस ब्रोकन स्किन ( प्रदर्शित न होने पर भी ), श्वसन पथ अथवा आंख-नाक या मुंह के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर सकता है। मंकीपॉक्स से संक्रमित व्यक्ति द्वारा छुए गए कपड़ों, बिस्तर, तोलिया व अन्य वस्तुओं जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और सतहों पर मंकीपॉक्स वायरस कुछ समय तक बने रह सकता है। यही नहीं, वायरस गर्भावस्था के दौरान भ्रूण में और जन्म के दौरान अथवा एक-दूसरे की त्वचा संपर्क के माध्यम से या फिर मंकीपॉक्स से संक्रमित माता-पिता द्वारा शिशु में भी फैल सकता है। वैसे मंकीपॉक्स का वायरस चेचक की तुलना में कम संक्रामक है। राज्य स्तर पर सर्विलांस इकाई गठित- सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि मंकीपॉक्स के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए राज्य सर्वनाम इकाई भी गठित हो गई है। जिले के डॉक्टर किस इकाई में नियुक्त वरिष्ठ जन से संपर्क स्थापित कर समन्वय कर सकेंगे। राज्य सर्विलांस इकाई में तैनात अधिकारियों के मोबाइल नंबर जिले के डॉक्टर को उपलब्ध करा दिए गए हैं। इन देशों से यात्रा करके लौटने वालों पर नजर- लोकतांत्रिक गणराज्य, बुरुंडी, मध्य अफ्रीकी, कांगो-ब्रेजाविल, कैमरून, नाइजीरिया, आइवरी कोस्ट, लाइबेरिया, स्वीडन, पाकिस्तान, फिलीपीन्स व थाईलैंड।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## पीपीसीएल पावर प्लांट 12 एनटीपीसी में वर्करों का हुआ शोषण

क्यूँ न लिखूँ सच -आलोक मिश्रा


एपीडीसीएल पावर प्लांट 12 एनटीपीसी में जिन किसानों की जमीन से यहां पर प्लांट बना है उन्हीं किसानों के साथ कंपनी के अधिकारियों के द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है ना तो उनको परमानेंट नौकरी दी गई है और ना ही उनको कंपनी के तरफ से कोई सुविधा दी जाती है बस उनको एक कांटेक्ट बेस पर रखा गया है जिसमें उनकी मासी के मानदेय निर्धारित है ?10000 ?12000 तक आखिर कई लोग यहां पर जमीन देकर भूमिहीन हो गए हैं परंतु कंपनी के अधिकारियों द्वारा जो भी दिए गए थे वादे उसे पर मुकर रहे हैं यहां आस-पास के गांव प्रदूषित हो रहे हैं जिससे ग्रामीण जनों को काफी परेशानी हो रही है और यहां के अधिकारी सिर्फ शासकीय अधिकारियों को पैसे पर खरीद लेते हैं जबकि इनका वर्कों पर विशेष ध्यान देना चाहिए परंतु आज तक इनके द्वारा ऐसा कुछ नहीं किया जाता आज का मैटर यह था यहां वर्कों को ना तो ग्रेविटी दी जाती है ना ही सही तरीके से एग्रीमेंट होता है उत्तर प्रदेश सरकार से अनुरोध है कि जिस तरह आप सभी प्रदेशवासियों को रोजगार देने की बात करते हैं जस्ट उसका विपरीत यहां की कंपनियों द्वारा वर्कों को प्रताड़ित किया जाता है आखिर अब वह वर्कर कहां जाएंगे जिसके पास एक भी बीघा नहीं बचा वह पूरी जमीन कंपनी को दे दिए अब कंपनी उनको परमानेंट नौकरी भी नहीं दे रही है आखिर क्या है वजह सबसे बड़ी बात तो यह है की कंपनी के अंदर शासकीय अधिकारी सब विराजमान रहते हैं चाहे थाना प्रभारी का रूम हो चाहे एसडीएम का रूम हो चाहे पुलिस विभाग के सीईओ का रूम हो और चाहे मजिस्ट्रेट का रूम हो कंपनी के द्वारा इन सभी कर्मचारियों को व्यवस्थित रोम दिया जाता है उनकी पूरी व्यवस्था की जाती है जिससे कि यह जनता के साथ में ना रह पाए और हमारी पूरी मदद करें तो मैं मुख्यमंत्री जी से आगरा करना चाहूंगा कि जिस तरह आप सभी के समस्याओं का समाधान करते हैं इस तरह भूमि एवं जिन-जिन लोगों की भूमि पीपीसीएल पावर प्लांट 12 में गई है उनको परमानेंट जॉब पीपीसीएल के तरफ से दी जाए यह नहीं की कांटेक्ट बेस पर उन्हें रख दिया जाए और बाद में उन्हें बस 10000,से 12000 की नौकरी दी जाए आखिर ऐसा क्यों कर रहे हैं पीसीएल एवं यहां के कॉन्टैक्टर सोचने वाली बात यह है कि आखिर यहां के किसान अब किस लगे अपनी याद सुनने में यह आ रहा है कि यहां के अधिकारी यहां के शासकीय अधिकारियों को पैसा पहुंचा देते हैं जिस वजह से यह वर्कों के विरोध में आ जाते हैं और इन्हें धरना प्रदर्शन से रोक कर भगा देते हैं आखिर इस पर मुख्यमंत्री जी का ध्यान कब आकर्षित होगा या तो सोचने वाली बात है



## फाइनेंस के नाम पर टाईगर यादव द्वारा किसानों से की जा रही लूट को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद/ फतेहगढ़।किसान कल्याण महासंघ किसान यूनियन ने डीजीपी सहित सीएम योगी लिखा पत्र फाइनेंस के नाम पर लगातार जनपद में हो रही लूट को लेकर किसान कल्याण महासंघ किसान यूनियन ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को पत्र लिखा है। किसान यूनियन द्वारा लिखे गए पत्र में बताया गया है कि टाईगर यादव निवासी राजानगला थाना कोतवाली फतेहगढ़ जिला फर्रुखाबाद द्वारा स्वयं व पारिवारिक लोगों और अपने गुर्गों के द्वारा अवैध हथियारों से लैस होकर बिना नंबर प्लेट लगी चार पहिया गाड़ियों राह चलते भोले भाले किसानों से गली गलौज मारपीट करते हुए लूट पाट की घटना को अंजाम दिया जाता है। और उनके वाहनों को जप्त कर लिया जाता है। जब लूटपाट की शिकायत होती है तो उक्त टाइगर यादव खुद को बैंक एवं फाइनेंस कंपनी का मालिक बता देता है और फर्जी दस्तावेज कुछ घण्टे में तैयार कर लेता है जिन्हे दिखाकर पुलिस को गुमराह करते हुए व भ्रष्ट पुलिस कर्मियों का संरक्षण प्राप्त कर लेता है। जो कानून व्यवस्था पर गम्भीर प्रश्न चिन्ह है। किसान कल्याण महासंघ द्वारा मुख्यमंत्री सहित सभी संबंधित उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर तत्काल टाइगर यादव द्वारा को जा रही गुंडा गर्दी बंद कराए जाने एवं टाइगर यादव और उनके गुर्गों का अपराधिक इतिहास निकलवा कर कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। कार्यावहाई न होने की स्थिति में किसान कल्याण महासंघ बहुत जल्द धरना प्रदर्शन करते हुए पुलिस अधीक्षक का घेराव करेगा। ज्ञात हो कि 29 अगस्त को अल्हागंज निवासी अनुज कुमार के साथ टाइगर यादव ने अपने गुर्गों के साथ सेन्ट्रल जेल चौराहे के पास मारपीट कर 3660 रुपए लूट लिए थे और दो हजार रुपए अनुज के दोस्त आकाश दिक्षित से फोन पे कराए गए थे ।और अनुज जो चार पहिया गाड़ी मांगकर सुसराल ले गए थे उसे जबरदस्ती छीन लिया था ।फ़ोन वो द्वारा भुगतान किए गए रूपए पुलिस में शिकायत जाते देख वापस कर दिए गए थे।जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई थी ।फिर भी एफआईआर दर्ज न करके फतेहगढ़ पुलिस ने कार वापस करा दी थी। इसी तरह 21 जून को विवेक चतुर्वेदी निवासी फर्रूखाबाद की गाड़ी को लूट लिया गया और इलिंके ड्राइवर को बंधक बना लिया गया था जिसे छोड़ने के लिए टाईगर यादव और उनके गुर्गों द्वारा पचास हजार की मनाग की गई थी। जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक सहित सीएम योगी से की गई थी फिर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा सकी। ज्ञात हो कि जनपद में टाइगर यादव एक जाना माना नाम है जो सपा सरकार से लेकर अब तक पूरे जनपद में आतंक का पर्याय बना हुआ है। जिसे लगभग सभी संबंधित अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है ।जिसके कारण किसानों से लेकर आमजन का जीना हराम हो है।




## श्री मद भागवत कथा सात सितंबर से प्रारम्भ होगी, प्राचीन गणेश मन्दिर गढ़ी मे होगा यह आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
राजेंद्र विश्वकर्मा

कोंच(जालौन) स्थानीय गणेश मन्दिर गढ़ी के मैदान मे श्री मद भागवत कथा का अच्छा आयोजन किया जा रहा है यह श्री मद भागवत कथा दिनांक सात सितम्बर दिन शनिवार से प्रारम्भ होगी उसी दिन विशाल कलश यात्रा निकलेगी यह कलश यात्रा नगर के सुभाष नगर मे स्थित सीता नाथ मन्दिर से उठेगी और कथा स्थल श्री गणेश मन्दिर प्राचीन गढ़ी के मैदान पर जायेगी इस श्री मद भागवत कथा मे कथा बाचक् भागवता चार्य श्री मिथलेश दास जी महाराज द्वारा कथा सुनाई जायेगी यह कथा का समय दोपहर दो बजे से हरि इच्छा तक होगा इस कथा मे पारीक्षत श्री मति मीरा अरुण सोनी महेशपुरा वाले होंगे इस कथा का 13 सितम्बर को समापन होगा और उसी दिन कथा स्थल पर रात 9 बजे से भजन संध्या कार्यक्रम आयो जित किया जायेगा 14 सितम्बर को हवन पूजन और पुर्णहुति का कार्य क्रम होगा 15 सितम्बर को दोपहर 2 बजे से विशाल भंडारा का कार्य क्रम स्थानीय जय प्रकाश नगर स्थित मुरली मनोहर उत्सव भवन मे होगा इस अच्छे धार्मिक आयोजन को लेकर भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष नगर के जाने माने समाजसेवी और नामित सभासद रहे आयोजन को लेकर जोर दार तेयारिया की जा रही है

## सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबंध नगर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व छात्र परिषद विद्या भारती मेरठ प्रांत के सभी पदाधिकारी रूपेश कुमार कार्तिक कुलदीप कुमार मानव गुप्ता शशांक गर्ग सचिन कुमार देवेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आनंद प्रसाद व विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पर्चन कर किया। तत्पश्चात बालिका शालिनी शर्मा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया पूर्व छात्र परिषद के सभी सम्मानित सदस्यों ने बोर्ड में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं अनुश्री शर्मा आंचल उपाध्याय पायल कंगना सैनी प्राची गुप्ता काकुल आकांक्षा तृप्ति शर्मा प्रिया दोनों विद्यालय के प्रधानाचार्य को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बालिकाओं ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें नाटक, नृत्य, सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य ,कविता प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा की शिक्षक समाज की नींव तैयार करता है प्रत्येक शिक्षक को निस्वार्थ भाव से अपने कर्तव्य का निर्वाह करना चाहिए और बालक बालिकाओं को वर्तमान चुनौतियों का सामना करने योग्य बनना चाहिए एक अच्छे राष्ट्र निर्माण में शिक्षक का सबसे बड़ा योगदान होता है। ढ इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य संदीप कुमार कविता गुप्ता गीता कांबोज सुरभि मित्र अनीता मलिक कपिल वशिष्ठ अमित कुमार अमित नामदेव रवि कुमार विकास कुमार मोहित शर्मा राहुल गिरी पंकज बंसल धर्मेंद्र कुमार अश्विनी शर्मा आकांक्षा धीमान वंदना पुंडीर साक्षी मित्तल उपासना बंसल रेनू कश्यप दिव्या शर्मा मोनिका बालियां नीलम पाल आदि सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया।



## विधायक ने बाढ़ आपदा में हुई हानि के पीड़ितों को प्रदान किया दैवीय आपदा राहत सहायता प्रमाण पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती। प्रदेश सरकार द्वारा आपदा राहत कोष से बाढ़ एवं अन्य आपदाओं में हुई हानि के पीड़ित व्यक्तियों को अहेतुक सहायता प्रदान की जा रही है। जिसके तहत विधायक रामफेरन पाण्डेय ने तहसील इकौना में बाढ़ एवं अन्य आपदाओं के दौरान नदी की कटान से मकान क्षतिग्रस्त होने वाले 6 पीड़ित व्यक्तियों को रूपये 1 लाख 25 हजार एवं 1 बाढ़ के पानी में डूबकर भैंस की मृत्यु होने पर रूपये 37 हजार पांच सौ की आपदा राहत कोष से सहायता राशि एवं दैवीय आपदा राहत सहायता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। विधायक ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की दैवीय आपदाओं में जनहानि होने पर आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। आकस्मिक परिस्थितियों जैसे बिजली गिरने, मकान गिरने से दबकर हुई मौत, भूकंप, सर्पदंश आदि की घटनाओं में मरने वाले लोगों के आश्रितों को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता दी जाती है। जिससे पीड़ित लोगों को राहत दी जा सके।



## होमगाड्र्स कार्यालय फतेहगढ़ में मासिक बैठक का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद /फतेहगढ़ ।होमगाड्र्स कार्यालय फतेहगढ़ में श्री डी0एन0 सिंह, जिला कमाण्डेन्ट की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्री डी0एन0 सिंह जिला कमाण्डेन्ट द्वारा उत्तराखण्ड राज्य लोक सभा निर्वाचन-2024 एवं समान्य लोक सभा निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 24+14-30 वैतनिक /अवैतनिक अधिकारियों/कर्मचारियों व होमगाड्र्स को बधाई देते डिप्टी कमाण्डेन्ट जनरल, श्री संजीव शुक्ला प्रभारी / होमगाड्र्स लोक सभा निर्वाचन उत्तराखण्ड द्वारा प्रदत्त एवं जिला कमाण्डेन्ट के स्तर से लोक सभा निर्वाचन में महत्वपूर्ण सहयोग करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों तथा होमगार्डस जवानों को 57 प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया एवं उन्हे निर्देशित किया गया कि वह भविष्य में भी प्रशंसनीय कार्य करते रहेंगे। एक्सिस बैंक फर्रुखाबाद के तत्वाधान में कार्यालय प्रागंण में समस्त वैतनिक / अवैतनिक अधिकारियों/कर्मचारियों एव होमगाड्र्स की जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बैठक में श्री डी0एन0 सिंह, जिला कमाण्डेन्ट, होमगाड्र्स फतेहगढ़ द्वारा बैठक को सम्बोधित करते हुये उपस्थित सभी बैतनिक / अवैतनिक अधिकारियों/कर्मचारियो को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने हेतु निर्देशित किया गया एवं बताया गया कि सभी जवान समय-समय पर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहें, जिससे उनका स्वास्थ अच्छा बना रहे एवं अपनी ड्यूटी के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही प्रकार से कर सकें बैठक में उपस्थित डा0 राविया एवं बैंक मैनेजर श्री आशीष कोचर द्वारा भी बैठक को सम्बोधित करते हुये सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आहवान किया गया एवं अवगत कराया गया कि बैंक द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सभी बैतनिक/अवैतनिक अधिकारी/कर्मचारी व होमगाड्र्स अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा लें। बैठक की समाप्ति के दौरान कार्यालय में उपस्थित समस्त वैतनिक/ अवैतनिक अधिकारियों/कर्मचारियों व होमगाड्र्स द्वारा स्वास्थ्य शिविर में अपना स्वास्थ्य का परीक्षण कराया गया। उक्त बैठक में समस्त वैतनिक / अवैतनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त एक्सिस बैंक के मैनेजर श्री आशीष कोचर, अस्टेंन्टि मैनेजर श्री अमित शुक्ला एवं डिप्टी मैनेजर श्री राघवेन्द्र भी मौजूद रहे।




## अधिवक्ता के हत्यारों को गिरफ्तारी कराने को लेकर एसडीम कायमगंज को दिया ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद। कायमगंज तहसील में वकीलों ने एसडीम कायमगंज को ज्ञापन दिया कि अधिवक्ता मोहिनी तोमर एडवोकेट के हत्यारों को तत्काल प्रभाव से गिरफ्तार कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देकर ऊ0प्र0 में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाना चाहिए। रेवेन्यु एशोसिएशन कायमगंज जिला फर्रुखाबाद की ओर से विशेश्वर दयाल यादव एडवोकेट के अध्यक्षता एवं महासचिव अवनीश कुमार गंगवार एडवोकेट एवं बार के समस्त सम्मानित अधिवक्तागणों की उपस्थिति में एक मीटिंग हुई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि अधिवक्ता मोहिनी तोमर एडवोकेट के हत्यारों को तत्काल प्रभाव से गिरफ्तार किया जाये और दोषियों को कड़ी सजा दी जाये तथा मृतक अधिवक्ता के परिवार को राज्य सरकार द्वारा सहायता प्रदान की जाये । प्रदेश भर में हो रही अधिवक्ताओ की हत्याओं एवं उनके ऊपर हमलों के बचाव के लिए ऊ0प्र0शासन अधिवक्ता प्रोटेशन एक्ट लागू करें। जिससे अधिवक्ताओं की जान माल की सुरक्षा हो सके। रेवेन्यू बार एशोसिएशन कायमगंज के समस्त अधिवक्तागण ने विरोध प्रदर्शन करते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहेगे और अपना सहयोग रेवेन्यु बार एशोसिएशन के सम्बन्ध में देगें तथा एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी कायमगंज को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित में देगे। वहां मौजूद कैलाश चन्द्र आर्य वरिष्ट उपाध्यक्ष , माधव शुक्ला कनिष्ट उपाध्यक्ष , सुदेश कुमार सयुक्त सचिव प्रशासन , अनोखेलाल शाक्य सयुक्त सचिव , विमल कुमार सयुक्त सचिव , अवधेश कुमार कोषाध्यक्ष , नीरज कुमार सिंह , कृष्णचन्द्र बाथम , रामपाल सिंह , गौरव गंगवार , विनीत कुमार सक्सेना , रोहित कुमार कु0 विनीता दीपक कुमार राजपूत आदि लोग मौजूद रहें 7



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### घर मे घुसकर अज्ञात चोरो ने की लाखो की चोरी

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती। जनपद के थाना हरदत्त नगर गिरंट के मनवरिया दीवान में अज्ञात चोरों ने रात्रि फूला पत्नी स्व. साबिर अली के घर पीछे दीवार फांदकर घर घुस गए और घर के अंदर रखा चालीस हजार रुपया नगदी सहित सोने चांदी जेवरात लेकर रफूचक्कर हो गये। सुबह जब महिला सोकर उठी तो घर में सामने बिखरे पड़े हुए थे और घर के अंदर रखा रूपया और जेवरात गायब थे। सूचना पाकर पुलिस पहुंची और महिला चोरी हुई घटना की जानकारी ली महिला ने बताया कि भेड़िया के डर से हम और हमारी बेटी, लड़का सब छत पर सो रहे थे और रात में चोरी हो गई। जबकि हल्का नंबर तीन क्षेत्र अति संवेदनशील क्षेत्र और हल्का पुलिस वहां न रहकर हरवक्त थाने पर आराम फरमा रही होती है। गौरतलब हो कि इससे पहले भी पूर्व में इसी थाना हरदत्त नगर गिरंट में रिसिया मिर्जापुर मार्ग पर बने घरों में चोरों ने बारी बारी घर के पीछे दीवार काटकर नकब लगाकर सोने चांदी जेवरात के साथ नगदी रुपए लेकर फरार हो गए ।

### कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी नहीं, कुष्ठ रोगियों से न करें भेदभाव-सीएमओ

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करें। यह आम रोगों की तरह ही है, जो मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) से ठीक हो जाता है। लेकिन समय पर इलाज न किया जाए तो यह बीमारी बड़ा रूप भी ले सकती है। इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों को खोजने का काम करेंगी। क्षेत्रवासी स्वास्थ्य विभाग की टीम का सहयोग करें। श्रवस्ती राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने के उद्देश्य से सघन कुष्ठ रोगी खोज एवं नियमित निगरानी अभियान शुरू किया गया है। अभियान का समापन होगा। मंगलवार को सीएमओ डॉ. अजय प्रताप सिंह ने प्रचार जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर संभावित कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित करेंगे। उनकी पहचान कर तत्काल प्रभाव से उपचार पर रखा जाएगा। साथ ही कुष्ठ रोग के बारे में समुदाय को जागरूक भी करेंगी।

### बजरंग कमेटी दोहर की बैठक सम्पन्न, मन्दिर मे बुढवा मंगल को लेकर विस्तार से चर्चा

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

कोंच(जालौन) बजरंग मंदिर कमेटी दोहर की बैठक हनुमान मंदिर दोहर के प्रांगण में जिसकी अध्यक्षता चंद्र प्रकाश रिछारिया ने की बैठक में आगामी त्यौहार बुढ़वा मंगल व अनंत चतुर्दशी को हर्षोल्लास से मनाने पर विचार किया गया प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दोहर मंदिर की हनुमान पताका का नगर में भ्रमण पर विचार किया गया जिसमें तय किया गया कि इस वर्ष ध्वज पताका दिनांक 7 सितम्बर दिन शनिवार व 8 सितम्बर दिन रविवार को नगर में भ्रमण कराई जाएगी इसके उपरांत 17 सितंबर को पडने वाले बुढ़वा मंगल को भी बहुत ही हर्षोल्लास से मनाने के लिए मन मोहक सुंदर साज सज्जा व संगीतमय सुंदरकांड के आयोजन के लिए जिम्मेदारियो का वितरण किया गया। बैठक में कमेटी अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी आनंद दुबे घनश्याम राठौर बाबूजी अवधेश दुबे एडवोकेट अखिलेश दुबे विष्णु कांत दुबे धर्मेंद्र बबेले सकेत मिश्रा अमरेंद्र दुबे पवन खिलाड़ी वीरू सोनी रमाशंकर गोयल अनुज नगरिया प्रदीप बाजपेई महिजा चरण बाजपेई जीतू सोनी संजीव सोनी धर्मेंद्र शुक्ला रानू चौरसिया दीपक श्रीवास्तव रंजन गोस्वामी रुचिर नायक राजकुमार झा निर्पेंद्र बबेले भास्कर दुबे आदि उपस्थित रहे बैठक के अंत में हनुमान चालीसा का गायन किया गया इसके उपरांत पुजारी कमलेश दुबे ने सभी को हनुमान जी महाराज का प्रसाद वितरण किया



### रबीउल अव्वल का दिखा चाँद ईद मीला दुन्नबी 16 सितम्बर को-अताउल्ला ग़ौरी

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कोंच( जालौन) तंजीम गुलामाने मुस्तफा सोसायटी के सदर हाफिज अताउल्ला खां ग़ौरी ने बताया है कि माहे रबीउल अव्वल का चाँद 29 सफर को हो गया है। रबीउल अव्वल की पहली तारीख 5 सितम्बर को व ईद मीला दुन्नबी 16को होगी। इस मौके पर तंजीम गुलामा ने मुस्तफा सोसायटी की जेरे एहतमाम व जेरे कयादत में निकलने वाला अजीमुश्शान जुलूस मोहम्मदी इस साल भी मस्जिद जीनतुल इस्लाम तिलक नगर से काजी बशीर उद्दीन शहर काजी की सदारत में 2 बजे उठाया जाएगा। जो कि जामा मस्जिद पुरानी तहसील जबाहर नगर में रात 8 बजे मुल्क में अम्न चैन कायम रहने की दुआ के साथ संपन्न होगा

# डॉ.रामनिवास तिवारी आशुकवि को मिला''अवध ज्योति सृजन सम्मान''

क्यूँ न लिखूँ सच -राजेंद्र विश्वकर्मा

## कोंच के कवि और साहियकारो मे खुशी की लहर

कोंच( जालौन ) हिंदी की विभिन्न बोलियों विकास एवं उनके संवर्धन के लिए प्रयास रत तथा अवधी बुंदेली जनजागरण यात्रा 2024 के अवसर पर अवध भारतीय संस्थान लखनऊ, एवं बुंदेलखंड साहित्य समिति झांसी उत्तर प्रदेश की ओर से राजकीय संग्रहालय जिला झांसी卐उ.प्र. में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला निवाड़ी एवं बुंदेलखंड का नाम रोशन करने वाले जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार डॉ राम निवास तिवारी आशु कवि卐गढकुडार卐 को 卐अवध ज्योति सृजन शिखर卐 सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में अवध ज्योति पत्रिका से बुंदेली विशेषांक का लोकार्पण किया। गया जिसमें बुंदेलखंड साहित्य उन्नयन समिति के अध्यक्ष एवं संयोजक प्रो.डॉ.पुनीत बिसारिया जी, हरगोविंद कुशवाहा जी राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, डॉ.राम बहादुर मिश्र प्रधान संपादक लखनऊ, प्रो.डॉ.सुनील काविया जी राजकीय संग्रहालय के उपनिदेशक मनोज गौतम जी प्रो.डा. बहादुर सिंह परमार, सुश्री डॉ शरद सिंह, संचालन प्रो.डॉ मोहम्मद नईम ने किया डॉ रामनिवास तिवारी आशुकवि को सम्मानित होने पर निवाड़ी जिले के गण मान्य नागरिकों, तथा पत्रकारों ने बधाई देकर खुशी जाहिर की इस सम्मान से कोंच के कवि और साहियकारो मे खुशी की लहर है

# कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के सम्बंध में अधिकारियों की ली बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान 2024 के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अभियान की तैयारियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, सयुक्त कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, सभी जिलास्तरीय अधिकारी, सर्व सीएमओ, सर्व जनपद सीईओ एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान जिले भर में सफाई मित्रों, स्वच्छता कार्यकर्ताओं और अन्य हितकारको के लिए सफाई मित्र, सुरक्षा शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में स्वच्छता हितग्राहियों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही इस दौरान स्वच्छता के लिए लोगो को प्रोत्साहित करने के लिए सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए जायेंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्री व्यास ने अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अभियान में जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं और नागरिकों की जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। अभियान के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार शासकीय कार्यालयों, संस्थाओं के भवनों, व्यावसायिक परिसरों, बाजारो, शैक्षणिक संस्थाओं, पब्लिक ट्रांसपोर्ट हब, रोड्स, हाईवे और रेल्वे ट्रेक सहित अन्य जगहों पर स्वच्छता के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।

# जिला कोषालय द्वारा एक दिवसीय सह प्रशिक्षण कार्यशाला का किया गया आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पेंशन एवं भविष्य निधि, संचालनालय, रायपुर के निर्देशानुसार जिला कोषालय द्वारा एक दिवसीय सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। जिला




कोषालय अधिकारी श्री प्रेमशंकर तिवारी ने बताया कि जिले के विभिन्न विभागों से आये आहरण एवं संवितरण अधिकारियों एवं शाखा के लिपिकों को प्रशिक्षण दिया गया है। श्री तिवारी ने बताया कि ईडब्लूआर समायोजन की प्रक्रिया, बिल बनाने में रखने वाले सावधानियों एवं पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण, लंबित पेंशन प्रकरणों को तत्काल निराकृत करने की समझाइश दी। इस अवसर पर श्री व्ही. जी. उपगड़े, लेखाधिकारी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के द्वारा भी आयकर की कटौती एवं कर्मचारी के सेवा पुस्तिका संधारण के संबंध में जानकारी दी। श्री बालेंदु शेखर मिश्रा लेखाधिकारी, जिला पंचायत, सूरजपुर द्वारा जीएसटी टीडीएस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को जीएसटी टीडीएस कटौती के बाद कार्यालय प्रमुख को निर्धारित समय में फाइल रिटर्न करना होता है, अन्यथा आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को अर्थदंड का प्रावधान है। इस अवसर पर श्री सुशील सिंह के द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से ईडब्लूआर पेंशन, ई बिल, जीएसटी टीडीएस के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया है। इस अवसर आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के सवालों का समाधानकारक जवाब दिया गया है। श्री प्रेमशंकर तिवारी कोषालय अधिकारी के द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों, शाखा प्रभारियों को पेंशन प्रकरणों का निराकरण एवं वित्तीय प्रबंधन से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं का पालन समय सीमा में करने की समझाइश दी। इस अवसर पर श्री विमलेश प्रसाद सिन्हा सहायक कोषालय अधिकारी एवं कोषालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए 30 सितंबर से पूर्व करें आवेदन

मुरादाबाद - जनपद में ऐसे व्यक्ति, जिन्होंने मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वाधिक उत्कृष्ट कार्य किया है, उन्हें सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी के जन्म दिवस ( 05 जनवरी ) के अवसर पर गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार के अंतर्गत 01 लाख रुपए तथा प्रशस्ति पत्र का प्रावधान किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव ने बताया कि शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार उत्तर प्रदेश की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किए जाने के वर्ष में सामान्यतया निवास करने वाले ऐसे व्यक्ति जिनका मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा है तथा उन्होंने गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अंतर्गत पूर्व में राज्य सरकार से पुरस्कार प्राप्त न किया हो, ऐसे महानुभाव निर्धारित मापदंडों के साथ तथ्यात्मक विवरण एवं अभिलेखीय साक्ष्य सहित निर्धारित प्रारूप पर 30 सितंबर 2024 से पूर्व आवेदन कर सकते हैं। जनपद में इस संबंध में प्राप्त आवेदन पत्रों को नियमानुसार परीक्षण के उपरांत संस्तुति के साथ 30 सितंबर 2024 तक शासन को भेज दिए जाएंगे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# धर्मवीर प्रजापति जी ने राजकीय मेडिकल कालेज उरई का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

मा0 प्रभारी मंत्री जी ने इमरजेंसी व इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, आयुष्मान भारत योजना केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मरीजों को उपचार हेतु इधर-उधर भटकना न पड़े इसके लिए ओपीडी के मेंन गेट पर हेल्प डेस्क बनाया जाए जिससे मरीज को किस डॉक्टर या जांच हेतु किधर जाना है इसकी जानकारी रहे जिससे मरीज व उनके साथ आए तीमारदारों को भटकना नहीं पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान मा0 प्रभारी मंत्री जी ने ओ0पी0डी0 परिसर में उपचार हेतु आये मरीजों एवं वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और चिकित्सको द्वारा दी जा रही दवाओं और उपचार के बारे में जानकारी की जिस पर मरीजों ने चिकित्सालय में दी जा रही सुविधाओं पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। मा0 प्रभारी मंत्री जी के द्वारा चिकित्सालय के अन्तर्गत स्थापित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का निरीक्षण किया गया तथा जन औषधि केन्द्र में दवाईयों की उपलब्धता पर्याप्त पाई गई। मा0 प्रभारी मंत्री जी ने निर्देशित करते हुए कहा कि मरीजो को दी जाने वाली हर सुविधाओं प्रदान की जाए साथ ही चिकित्सालय में तैनात चिकित्सकों को मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार किया जाए।उसके बाद शिक्षक दिवस के अवसर पर राजकीय मेडिकल के ऑडिटोरियम में मा0 प्रभारी मंत्री जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि चिकित्सक व नर्स सेवाभाव के साथ अपने कार्य का निर्वहन करें क्योकि आम आदमी चिकित्सक को भगवान का दर्जा देता है, इसलिए आप सभी अपने कार्य करते समय मानवसेवा का भी ध्यान रखना चाहिए क्योंकि मानवसेवा हर किसी को नही मिलती है। उन्होंने कहा कि बेटी जब जन्म लेती है और वह धीरे-धीरे बड़ी होती है वही से उसका त्याग शुरू हो जाता है। आजकल एक भावना बन गई है कि हमारे घर बस लड़के हो लेकिन अगर देखा जाए तो यह भावना सही नही है। अगर हम सभी की यही भावना हो जाये तो फिर बेटियां किसके घर मे होगी और उन बेटो के लिए बेटियां कहाँ से आएगी और जब बेटियां होगी तो आगे की संतति नही चलेगी इसलिए बेटियां हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, राजकीय मेडिकल प्राचार्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, सीएमएस डॉ प्रशांत निरंजन सहित सम्बंधित अधिकारी व चिकित्सक मौजूद रहे।





# भाजपा मंडल बिहारपुर चांदनी की सदस्यता अभियान जिलाध्यक्ष के उपस्थिति में प्रारंभ किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- भारतीय जनता पार्टी संगठन के राष्ट्रीय महापर्व सदस्यता अभियान का कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल जी के नेतृत्व में बिहारपुर चांदनी का शुभारंभ किया इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर की गई स्वागत भाषण भाजपा




मंडल अध्यक्ष रामेश्वर बैंस ने किया भाजपा जिलाध्यक्ष मुख्य अतिथि बाबूलाल गोयल ने मंडल में सदस्यता अभियान का शुरुआत की विस्तृत जानकारी दी एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर रिटायर्ड शिक्षक हरिहर पाठक को साल श्रीफल भेंट किया क्षेत्र के सुरेन्द्र कुमार गुप्ता के लोकसभा विस्तारक बिलासपुर के बनाए पर क्षेत्र का गौरवान्वित किया कहते हुए फुल मालाओं से स्वागत किया गया और विशिष्ट अतिथि के रूप में ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने कहां भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है जो राष्ट्र देश विचारधारा के लिए काम करती है सदस्यता अभियान मंडल संयोजक शिवप्रसाद सिंह एवं सहसंयोजक रामपाल जायसवाल ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने एवं आभार प्रदर्शन सदस्यता अभियान सहसंयोजक कालीचरण कांशी ने किया इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित मंडल सह प्रभारी रामनारायण यादव जिला विशेष आमंत्रित सदस्य अवध कुमार पाठक महामंत्री हंसेलाल जायसवाल उपाध्यक्ष रामनाथ पाठक सियाराम नाई विजय गुर्जर शिवधन गुप्ता छोटेलाल यादव गया प्रसाद जायसवाल वृजमोहन केशरी रामरक्षा पाल प्रेमलाल विश्वकर्मा अनिल सिंह अनुराधा विश्वकर्मा श्याम नारायण बैस भरतलाल जायसवाल पुनित पाठक बीपी जायसवाल श्याम कार्तिक जायसवाल मुकुंद लाल जायसवाल जगदीश कोल लल्लू पुरी राजेश्वर जायसवाल रामप्रताप विश्वकर्मा दूर्गा यादव मन्देश गुप्ता गजानंद गुप्ता रिटायर्ड शिक्षक हरिहर पाठक अजीज अंसारी लालमन सिंह सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शक्ति केन्द्र संयोजक सहसंयोजक पोलिंग बूथ अध्यक्ष एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आप अपना किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित कराये जैसे नीलामी सूचना, बेदखली सूचना, क्रय विक्रय सूचना आदि, वो भी कम कीमत में संपर्क करे - 927776991

## संक्षिप्त समाचार

### बस स्टैंड से खड़ी बस से लॉक तोड़कर बेटरी चोरी हो गई

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कोंच( जालौन ) कोंच मे इस समय चारो तरफ चोरो को आतंक देखने को मिल रहा है और यह चोर पुलिस को चुनोती देते हुये एक के बाद एक चोरी की घटनाएं कर रहे है जिससे लोगो मे दहशत का माहौल है बीते दिनों कोंच कोतवाली की सागर चौकी के पास बने प्राइवेट बस स्टैंड पर रात के समय चोरो ने एक खड़ी बस को निशाना बनाकर लॉक तोड़कर बेटरी चुरा कर ले उड़े इस सम्बन्ध मे थाने प्रार्थना पत्र देते हुये वसीम अकरम उर्फ बबलू पुत्र मल्लू शाह निवासी मोहल्ला भगत सिंह नगर कोंच ने बताया है की वह बस नम्बर यूपी 75 एम 5110 का मालिक है घटना बीते 28 अगस्त की रात की है बस स्टैंड बस खड़ी थी और लोक लगा था की अज्ञात चोरो ने लोक तोड़कर बस की बेटरी चोरी कर ली जिस की कीमत बत्तीस हजार रुपये है उसने कोतवाली पुलिस से इस सम्बन्ध मे रिपोर्ट दर्ज कर बेटरी बरामद किये जाने की मांग की इस घटना से बस मालिको मे भारी रोष और नाराजगी है बस मालिको ने कहा की इस समय चोरों का आतंक है और वह बार बार घटनाएं कर रहे है और पुलिस भी चोरों को पकड़ने मे लापर वाह बनी हुई है

### माटी कला से सम्बंधित विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत टूल किट योजना की गयी संचालित

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

प्रबन्धक ग्रामोद्योग/जिला ग्रामोद्योग अधिकारी डी0आर0 प्रेमी ने बताया कि महाप्रबंधक महोदय उ0 प्र0 माटी कला बोर्ड, 8 तिलक मार्ग लखनऊ के द्वारा माटी कला से सम्बन्धित विकास कार्यक्रमों के अन्तर्गत उ0प्र0 सरकार द्वारा टूल किट्स वितरण योजना संचालित की गयी जिसमें प्रजापति समाज से जुडे कारीगारों को निःशुल्क चाक वितरण किया जाना है। योजनान्तर्गत जनपद को वर्ष 2024-25 में 35 विद्युत चालित चाक एवं 03 पगमिल मशीन वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके आवेदन आनलाइन मांगे गये थे। उक्त योजनान्तर्गत मा0 मुख्य विकास अधिकारी जालौन स्थान उरई की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा चयन साक्षात्कार के माध्यम से दिनांक 10.09.2024 दिन मंगलवार को विकास भवन सभागार उरई में किया जाना है। अतः सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विद्युत चालित चाक के साक्षात्कार हेतु दिनांक 10.09.2024 को प्रातः 9-30 बजे सभी प्रपत्रों ( जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, अंक पत्र ) के साथ विकास भवन सभागार उरई में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### प्रतापपुर के मंगल भवन में ''दिव्यांग शिविर'' का किया गया आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले में निवासरत दिव्यांगजनों के चिन्हांकन/परीक्षण कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यू.डी.आई.डी. कार्ड बनाये जाने हेतु




संबल सूरजपुर अंतर्गत आज जनपद पंचायत प्रतापपुर के मंगल भवन में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते मुख्य अतिथि के रूप में व अन्य जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए थे। शिविर में 97 यू.डी.आई.डी. कार्ड, मेडिकल प्रमाण पत्र नवीनीकरण प्रमाणीकरण हेतु 127 आवेदन प्राप्त हुए। आधार कार्ड अपडेट हेतु 02 आवेदन प्राप्त हुए । इसके साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे।

# महाविद्यालय में सम्मान से मनाया गया शिक्षक दिवस

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर के प्राचार्य जे आर पैकरा के मार्गदर्शन में एवं रेड क्रॉस और आईक्यूएसी प्रभारी ,सहायक प्राध्यापक धीरेंद्र कुमार जायसवाल के अध्यक्षता और संचालन में छात्र-छात्राओं के संपूर्ण सहभागिता से शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुरुआत सर्वप्रथम सरस्वती देवी और सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के छायाचित्र के समक्ष




पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की गई , तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के द्वारा शिक्षकों का गुलदस्ता देकर सम्मान किया गया , कार्यक्रम की अगली कड़ी में छात्र-छात्राओं को आशीष वचन के रूप में धीरेंद्र कुमार जायसवाल जी के द्वारा अपने उद्बोधन में शिक्षक दिवस की महता को बताते हुए हम सभी शिक्षकों और छात्र-छात्राओं का देश के प्रति क्या भूमिका और कर्तव्य होनी चाहिए उसके बारे में बताया गया, इसी कड़ी में सभी शिक्षकों के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए साथ ही साथ छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, कई छात्र छात्राओं के द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर अपने विचार व्यक्त किया गया ,मंच का संचालन पूरी तरह से छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया , इस कार्यक्रम में बहुत अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं शिक्षक और अन्य कर्मचारी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन को लेकर बवाल, आगरा कैंट पर हुआ फिर हंगामा

वंदे भारत एक्सप्रेस आगरा कैंट के प्लेटफार्म पर पहुंची तो हंगामा हो गया। दरअसल इस गाड़ी के संचालन को लेकर आगरा रेल मंडल और अजमेर रेल मंडल के परिचालन विभाग के कर्मचारियों में तलवारें खिंची हुई हैं।




उदयपुर सिटी आगरा कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन को लेकर आगरा रेल मंडल और अजमेर रेल मंडल के परिचालन विभाग के कर्मचारी आमने-सामने हैं। बृहस्पतिवार को जब वंदे भारत आगरा कैंट पहुंची तो आगरा रेल मंडल के कर्मचारियों ने गाड़ी पर फिर से हंगामा किया। मौके पर आरओ पर जीआरपी के अधिकारी भी पहुंच गए। गाड़ी की कमान एक बार फिर आगरा रेल मंडल के कर्मचारियों ने संभाली। उदयपुर और आगरा के बीच 3 सितंबर से वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू हुआ है। सप्ताह में तीन दिन सोमवार बृहस्पतिवार और शनिवार को चलने वाली ट्रेन के संचालक को लेकर आगरा रेल मंडल और अजमेर रेल मंडल के परिचालन विभाग के कर्मचारियों में तलवार खींची हुई हैं। सोमवार को दोनों रेल मंडलों की कर्मचारियों के बीच तीन बार बदन हुई थी। रेल अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद भी कोई हल नहीं निकल सका था।बृहस्पतिवार की दोपहर 2-05 पर जब यह ट्रेन आगरा कैंट के प्लेटफार्म नंबर पांच पर पहुंची तो रेल कर्मियों ने फिर से हंगामा शुरू कर दिया। बाद में रेल अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों के बीच वार्ता कराई। इसके बाद आगरा रेल मंडल के गुरु ने गाड़ी की कमान को संभाल लिया। आगरा कैंट के स्टेशन डायरेक्टर राजेंद्र सिंह का कहना है कि फिलहाल गाड़ी आगरा मंडल के रेल कर्मचारी लेकर कोटा तक जाएंगे इसके बाद राजस्थान के कर्मचारी गाड़ी का संचालन करेंगे।

# शिक्षक दिवस की धूम, कही स्कूली टीचर्स तो कही ब्यूटी पार्लर शिक्षिका सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच -यूसुफ

मुरादाबाद - मुरादाबाद में गुरूवार को सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन, की जयंती धूम के साथ मनाई गई, शहर के मंडी चौक इलाके में स्तिथ लायवा मेकओवर की संचालिका लायवा खान ने अपनी






शिक्षिका डॉक्टर निधी गुप्ता को उनके आवास पर जाकर शिक्षक दिवस की बधाई देने के साथ उनको सम्मानित भी किया, इसके आलावा शहर के अनेकों स्कूलों में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया, इसके अलावा रामगंगा विहार स्तिथ एमआईटी सभागार में केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया गया, साथ साथ शहर के विभिन्न स्कूलों में गुरुवार को देश के विद्वान शिक्षक सह राष्ट्रपति रहे सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन की जयंती मनाई गई, इस अवसर पर स्कूलों के छात्रों ने शिक्षकों को सम्मानित किया, शिक्षिका संयोगिता राठी ने बताया की राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के तौर पर मानते हैं, वह एक विद्वान शिक्षक और प्रसिद्ध दर्शनानिक भी थे, उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद करते हुए जयंती को शिक्षक दिवस के तौर पर मानते हैं, वही ब्यूटी पार्लर संचालिका लायवा खान ने बताया कि शिक्षक दिवस के अवसर पर उन्होंने अपनी कॉलेज व स्कूल की टीचर्स के साथ ब्यूटी पार्लर का कोर्स सिखाने वाली डॉक्टर निधि गुप्ता को भी सम्मानित किया और उनको शिक्षक दिवस की बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी, वही इस अवसर पर निधि गुप्ता ने बताया की गुरु हमेशा चाहता हैं कि उसका बच्चा हमेशा आगे बढ़े, एक गुरु और एक मां यही दो ऐसे इंसान हैं जो सच में चाहते हैं उनके बच्चे आगे।

# इन चेहरों की मासूमियत पर जो गया जाल में फंसा, दो महिला समेत सात गिरफ्तार, ऐसे बनाते थे शिकार

मेरठ की इन महिलाओं के चेहरों की मासूमियत पर मत जाइएगा, जिसने भी ये गलती करने की हिमाकत की वो इनके बिछाए जाल में फंस गया। ऐसा फंसा कि पिटाई तो हुई ही, साथ ही लाखों



रुपये भी गैंग को देने पड़े। परतापुर थाना क्षेत्र का युवक गैंग की सदस्य का वीडियो कॉल पर चेहरा देखकर फिदा हो गया। होटल में कमरा बुक करके उसके साथ संबंध बनाए। इसी बीच गैंग के लोग होटल के बाहर पहुंच गए। युवक को गाड़ी में बिठाकर जमकर पिटाई की। पत्नी और रिश्तेदार को फोन करके कहा कि 10 लाख रुपये नहीं दिए तो यह जेल जाएगा। युवक की तहरीर पर परतापुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दो महिलाओं और गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है।एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि परतापुर थाना क्षेत्र के एक शादीशुदा युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि कुछ दिन पहले उसके मोबाइल पर एक महिला का फोन आया। महिला ने किसी जरूरी काम से मिलने की बात कही। युवक ने उसका फोन काट दिया। कुछ समय बाद युवक ने महिला को कॉल करके पूछा कि उसका नंबर कहां से मिला है। महिला ने बताया कि आपका नंबर मेरी सहेली रूहीना उर्फ सिमरन ने दिया है। फोन पर बात करते-करते दोनों दोस्ती की बात करने लगे। महिला ने अपना नाम शालू शर्मा बताया। तीन सितंबर की शाम छह वो युवक से मिलने के लिए मेरठ आ गई। दिल्ली रोड रिठानी स्थित व्यू बैली होटल में दोनों ने कमरा लिया। युवक ने महिला से शारीरिक संबंध बनाए। होटल से बाहर आए तो शालू ने कहा कि यहां तो मेरे भइया, भाभी आ गए हैं। होटल के बाहर एक स्विफ्ट गाड़ी और बाइक खड़ी थी। उन लोगों ने युवक को जबरदस्ती गाड़ी में डाल लिया। दिल्ली रोड पर काफी देर तक घुमाते रहे। पिटाई करते हुए 10 लाख रुपये की मांग करने लगे। पैसे नहीं देने पर जान से मारने और दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।युवक ने बताया कि उसके मोबाइल की बैटरी डाउन थी, ऐसे में उन लोगों में से एक व्यक्ति ने उसके मोबाइल से सिम निकालकर अपने मोबाइल मेंडाल लिया। फिर उस नंबर से युवक की पत्नी और उसके भाई के मोबाइल पर बात करके उनसे भी दस लाख रुपये की मांग करने लगे। वे आपस में एक दूसरे को सिमरन उर्फ रुहीना, आसिफ, अनिकेत, दीपक, फिरोज, फहीम के नाम से पुकार रहे थे।उन्होंने कहा कि हमने तेरे जैसे बहुत से लोगों से रुपये लिए हैं। युवक ने बताया कि आरोपियों में एक बाउंसर दीपक निवासी ग्राम डीलना थाना भोजपुर और अनिकेत निवासी सैनिक कालोनी कसेरूखेड़ा लालकुर्ती का रहने वाला है। बाकी सभी आरोपी दिल्ली के हैं। आरोपी उसको सड़क पर छोड़कर यह कहकर चले गए कि जल्दी से रुपयों का इंतजाम कर लेना नहीं तो दुष्कर्म के मुकदमे में जेल जाएगा और सभी रिश्तेदारों के सामने बदनाम कर देंगे।

# काला सर्प डसने से अधेड़ की मौके पर ही मौत, देखकर गश खा गए घरवाले; चीख उठे

मैनपुरी में काला सर्प डसने से अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। देखकर घरवाले गश खाकर गिर पड़े। घर में चीख पुकार मच गई। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में काला सर्प डसने से मौके पर ही अधेड़ की मौत हो गई। देखा तो घरवाले दहशत में आ गए। घटना से घर में चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर गांव के लोग जमा हो गए। ग्रामीण परेशान परिजन को ढांढस बंधाते रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। घटना बेवर थाना क्षेत्र के नगला नाथपुरा गांव की है। काला सर्प डसने से गांव निवासी वकील नाथ ( 52 ) की मौत हो गई। बेटे सुनील नाथ ने बताया कि बुधवार रात करीब 8 बजे पिता वकील नाथ छप्पर में टंगे थैले को निकाला। उसमें रखे कपड़े निकालने लगे। इसी दौरान थैले में पहले से घुसे काले सर्प ने डस लिया। इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची। घटना की जानकारी ली। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। वकील नाथ मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता था।

# यूपी में दिल दहलाने वाली घटना: एंबुलेंस के केबिन में छटपटा रही थी बहन... हम बेबस चीखते रहे; दरिंदगी की कोशिश

यूपी में एंबुलेंस में पति और भाई के सामने महिला से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया। बस्ती पुलिस ने घटनास्थल लखनऊ बता परिजनों को टरका दिया था। गाजीपुर थाने की पुलिस तीन दिन तहरीर दबाए रही। बीमार पति और भाई के सामने एंबुलेंस में महिला से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में बस्ती पुलिस ने संवेदनहीनता की सारी हदें पार कर दीं। घटनास्थल लखनऊ बताकर परिजनों को टरकाकर यहां भेज दिया। जब पीड़िता व उसके परिजनों ने राजधानी के गाजीपुर थाने आकर तहरीर दी, तो यहां की पुलिस ने भी मामला टालने में कोई कसर नहीं छोड़ी। तहरीर लेकर जांच के नाम पर रखे रही। बुधवार को जब प्रमुखता से खबर प्रकाशित हुई तब आननफानन दोपहर में केस दर्ज किया। लखनऊ पुलिस की भी लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है। दरअसल, 29 अगस्त की रात साढ़े 11 बजे पीड़िता के भाई ने पुलिस कंट्रोल रूम और एंबुलेंस को कॉल की थी। एंबुलेंस से पहले जिला अस्पताल और फिर बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया था। जहां 30 अगस्त की रात करीब नौ बजे मरीज की मौत हो गई थी। पीड़िता के भाई ने बताया कि 31 अगस्त को शव का अंतिम संस्कार किया गया। एक सितंबर को उन्होंने छावनी थाने की एक चौकी के पुलिसकर्मियों से केस दर्ज कराने के लिए संपर्क किया। पुलिसकर्मियों ने कहा कि एंबुलेंस लखनऊ से बुक की गई थी। इसलिए केस वहीं दर्ज होगा। उसी दिन उन लोगों ने लखनऊ आकर गाजीपुर थाने में तहरीर दी थी। बयान भी लिए, बुलाया भी लेकिन केस नहीं दर्ज किया- एफआईआर में स्पष्ट लिखा है कि 112 के जो पुलिसकर्मी पहुंचे थे, उन्होंने बयान लिए थे। उन्हें पूरी घटना बताई गई थी। उन्होंने थाने जाकर केस दर्ज कराने की बात कही थी, लेकिन जब पीड़ित परिवार ने केस दर्ज कराने का प्रयास किया तो टाल दिया गया। इतने गंभीर मामले में पुलिस के लापरवाह रवैये से पीड़ित परिवार भी हैरान है। तीन दिन से तहरीर रखे थी गाजीपुर पुलिस- पीड़िता के भाई ने बताया कि एक सितंबर को उन्होंने गाजीपुर थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने कहा था कि जांच करने के बाद कार्रवाई की जाएगी। तीन दिन तक तहरीर रखे रही। बुधवार को खबर प्रकाशित हुई तो दोपहर 12-57 बजे चालक व उसके साथी पर एफआईआर दर्ज की। हकीकत तो ये है कि गाजीपुर पुलिस भी अपने यहां से मामला टालने की कोशिश में जुटी थी। जबकि कानून के जानकार बताते हैं कि पीड़िता ऐसे मामलों की एफआईआर कहीं भी किसी भी थाने में दर्ज करवा सकती है।तीन दिन से तहरीर रखे थी गाजीपुर पुलिस- पीड़िता के भाई ने बताया कि एक सितंबर को उन्होंने गाजीपुर थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने कहा था कि जांच करने के बाद कार्रवाई की जाएगी। तीन दिन तक तहरीर रखे रही। बुधवार को खबर प्रकाशित हुई तो दोपहर 12-57 बजे चालक व उसके साथी पर एफआईआर दर्ज की। हकीकत तो ये है कि गाजीपुर पुलिस भी अपने यहां से मामला टालने की कोशिश में जुटी थी। जबकि कानून के जानकार बताते हैं कि पीड़िता ऐसे मामलों की एफआईआर कहीं भी किसी भी थाने में दर्ज करवा सकती है। बहन केबिन में छटपटा रही थी...हम बेबस बैठे थे...चीखते रहे- पीड़िता के भाई ने बताया कि बहन को झांसा देकर एंबुलेंस में आगे केबिन में बैठा लिया था। साथ में चालक का साथी भी बैठा था। वह मरीज के साथ पीछे बैठे थे। जब चालक व उसके साथियों ने महिला से छेड़छाड़ शुरू की तो काफी देर तक पीछे भाई को पता ही नहीं चला। इस बीच आगे छटपटाने और हाथ पटकने की आवाज सुनाई दी। तब उसको एहसास हुआ कि बहन के साथ गलत हुआ, लेकिन वह पीछे बेबस बैठे चीखते चिल्लाते रहे। इसके बाद आरोपियों ने एंबुलेंस रोकी और सभी को धक्का देकर सड़क किनारे फेंक दिया। जानकारी मिलते ही दर्ज कराया केस- घटना जैसे ही मेरे संज्ञान में आई तत्काल एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिस भी स्तर पर लापरवाही हुई होगी, जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी।-कमलेश दीक्षित, डीसीपी महिला अपराध ( प्रभारी डीसीपी नॉर्थ ) आरोपों की जांच की जा रही- समाचार पत्रों से महिला से अभद्रता की घटना के बारे में जानकारी हुई। निजी एंबुलेंस से मरीज को लेकर लखनऊ से ले जाया जा रहा था। रास्ते में विवाद होने पर एंबुलेंस चालक ने उनको उतार दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची थी। एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया था। इस दौरान ऐसी घटना के बारे में न तो पुलिस से और न ही डॉक्टर से कुछ बताया गया। आरोपों की गहनता से जांच की जा रही है।- गोपाल चौधरी, एसपी बस्ती

## संक्षिप्त समाचार

# धूमधाम से मनाया गया सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन का जन्मदिन

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। भारत के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन का जन्मदिन वृहस्पतिवार को बड़े ही धूमधाम के साथ नगर के दरबारी




लाल शर्मा इण्टर कॉलेज, पी0एन0दीवान पब्लिक स्कूल, निहाल -श्याम डिग्री कॉलेज ,जीएलबी मैमोरियल पब्लिक स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य आशीष कुमार सिंह ने महान शिक्षाविद सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके शिक्षा एवं शिक्षकों के लिए किए गए योगदान को विस्तार से बताया गया। स्कूली बच्चों ने केक काटा, शिक्षकों को सम्मानित किया।इस मौके पर प्रदीप कुमार गुप्ता , प्राचार्य सीएम गंगवार ,मयंक मल्होत्रा , सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# जिलाधिकारी फोन का एक्सन गंदे नाले में गिरी गाय को मिली दोबारा जिंदगी

क्यूँ न लिखूँ सच -अश्वनी नामदेव

शामली झिंझाना। नगर झिंझाना के गंदे नाले में गिरी गाय जुझ



रही जिंदगी के लिए कोई नहीं आया बचाने। ये धर्म नहीं दिखावा है मौत से लड रही गाय माता लोग देखते और वीडियो बनाने में लगे रहते हैं नहीं किसी को याद आता अपना धर्म और कर्तव्य। चंदनपुरी के गंदे नाले के बीच में गाय माता गिर जाने से परेशान। जुझ रही अपनी जिंदगी के लिए नहीं आया कोई बचाने। लेकिन डूबते हुए को तिनके का सहारा भी मिल जाये तो भी बड़ी बात है ऐसा ही हुआ कि इस गाय को नाले में से निकलवाने के लिए छ्रूसाहब रवीन्द्र सिंह जी को फोन करना पड़ा तब जाकर तुरंत एक्शन लिया गया और गाय माता की जान बची। धन्यवाद श्रीमान जिलाधिकारी महोदय जो जीवन दान में अग्रसर हुए कोटि कोटि धन्यवाद।

# भेड़ियों का आतंक: रात भर जागते रहो के नारों से गूंजते रहे गांव, भेड़िये ने एक बकरी को मार डाला, बच गए बच्चे

बहराइच में भेड़ियों का आतंक बना हुआ है। लोग रात भर जागकर अपने जानवरों और परिजनों की सुरक्षा कर रहे हैं। बुधवार रात एक भेड़िये ने एक बकरी को मार डाला। बहराइच के महसी थाना क्षेत्र में भेड़ियों का आतंक लगातार जारी है। बुधवार की



रात भेड़ियों ने हरदी थाना क्षेत्र के पचदेवरी गांव में घर के आंगन में बंधी बकरियों पर हमला कर दिया। भेड़िया ने जहां एक बकरी को मौत के घाट उतार दिया तो दूसरी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बकरियों की आवाज सुन उठे परिजनों का शोर सुनकर भेड़िया भाग गया।दहशत में ग्रामीण- बकरियों पर हमले के बाद से पूरा गांव दहशत में है। ग्रामीणों का कहना है कि घर में छोटे छोटे बच्चे थे। गनीमत रही की भेड़िया ने बच्चों पर हमला नहीं किया बकरियों को ही निशाना बनाया।रात भर जागते रहो के नारे से गूंजते रहे गांव- भेड़िया प्रभावित गांवों में रात भर पहरेदारी और रखवाली का सिलसिला चलता रहा। जहां एक ओर ग्रामीण तो वहीं दूसरी ओर पुलिस टीम भी गश्त करती रही। मंगलपूरवा में कैमरे में कैद हुआ भेड़िया- हरदी थाना क्षेत्र के मंगलपुरवा गांव में मंगलवार को एक भेड़िया गन्ने के खेत के पास दिखा। ग्रामीणों ने उसकी फोटो खींच कर वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन रक्षक दीपक सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तलाशी ली लेकिन भेड़िया नहीं मिला।

# Keep these things in mind while waxing for the first time, otherwise there will be trouble

Who doesn't like beautiful and soft hands and feet along with a beautiful face. Especially women take a lot of care of their skin. For this, they use expensive creams available in the market. Along with these creams, women and girls also enhance the beauty of their hands and feet with the help of wax. Actually, wax is a simple and economical way to remove unwanted hair from the body. After waxing, when the unwanted hair



of hands and feet is removed, it makes the skin even more soft. If you are thinking of waxing for the first time to enhance the beauty of hands and feet, then keep some things in mind. If you get waxed for the first time by keeping these things in mind, then you will not have any problem. First prepare the skin - If you are thinking of waxing for the first time, then first prepare your skin for it. For this, clean the hands and feet thoroughly and dry them. This will remove oil, sweat and dust from the skin, which will help the wax stick well. Keep in mind the length of the hair- The length of the hair on the part of the body where you want to wax should be at least 1/4 inch, so that the hair can be easily removed during waxing. Waxing very short hair is difficult. Along with this, keep in mind that if the hair is too long, then avoid waxing yourself. This can cause you pain. Choose the right wax- While buying wax, keep your skin type in mind. Use hard wax for sensitive skin, while soft wax is suitable for normal skin. This will not cause you any kind of problem. The direction should be right while waxing- Apply the wax in the direction of hair growth and then pull the strip in the opposite direction. This process helps in removing the hair from the root. If you pull the strip in the wrong direction, it will not wax. There should be no injury- If there is any kind of injury or wound on your skin, then avoid waxing. This can also cause you a lot of trouble. Apart from injury, do not wax on infected areas also. Take care later- After waxing, moisturize the skin and avoid sunlight for a few days. This helps in keeping the skin calm and protects it from irritation. If you go out in the sun immediately after waxing, it can cause irritation on the skin.

# Taking a long bath can be very harmful for the skin, know its 5 major disadvantages


Whatever be the weather, bathing makes the body feel fresh. Especially now when the summer and rainy season is going on, people like to take bath twice due to humidity in this season. Bathing in the morning keeps you fresh the whole day, while bathing in the evening gives a



very good sleep. Many people spend a lot of time bathing. If you also take a long bath every day, then you need to be careful. Actually, you may have to face many problems by taking a long bath. Many people are not aware of the harm caused by bathing too much. In such a situation, here we will tell you about the harm caused to the skin by bathing for a long time, so that you can also protect your skin from these problems. Damage to skin moisture- Bathing for too long can reduce the natural moisture of the skin and when the moisture of the skin decreases, due to this the skin starts becoming dry and cracked.Itching problem- If you bathe for a long time, then you need to be careful. Bathing for a long time causes dryness of the skin, due to which the problem of itching can increase on the body. Sometimes, wounds are even formed due to the problem of itching.Irritation will increase- Soap or body wash is used while bathing. Whereas using soap and body wash for a long time can cause irritation and allergies in the skin. In such a situation, people whose skin is sensitive should especially avoid bathing too much.Wrinkles occur- Spending more time in water can cause wrinkles on the skin. This problem is especially visible on the skin of hands and feet. In such a situation, try to take a bath in the shortest possible time. Nails become weak- Nails start becoming weak due to staying in water for a long time. Due to which they also start breaking suddenly. If you also want to avoid this problem, then spend minimum time in bathing.

# Hair grows in hands as soon as you move your hands on your head, start practicing these yogasanas from today

Hair loss is a common problem that troubles many people. It can be caused by many reasons, such as disease, lack of nutrition, stress, and other proportionate diets. To prevent hair loss, you should take care of your diet, lifestyle, and balanced care. Hair loss can be reduced by proper nutrition, proper hair care, and regular necessary sunlight and exercise. If your hair loss is severe, it would be best to consult a doctor. Yoga can help improve hair health and increase their growth. Yoga practice keeps your body balanced, which also improves hair health. Through this article, some yoga asanas are being told, which improve hair health, which reduces hair fall and can become thick and long. Uttanasana (Forward Bend): - In this asana, you have to



bend forward by keeping your legs straight. This asana not only helps in improving the health of hair, but also strengthens the back and abdominal muscles. Balasana (Child's Pose): - This asana helps in reducing stress and calming the brain, which can also reduce hair fall. To do this asana, one sits in the Vajrasana posture by bending the knees and taking deep breaths while taking the hands upwards. Vajrasana - This simple yoga helps in good hair growth. Reduces stomach related problems, which are the main cause of thin and falling hair. To do this asana, sit with your knees resting on the ground. Keep the palms on the upper thighs. Sit in meditation posture for 5-10 minutes. Note: These yogas were taken from various sources and many yoga experts have been telling the benefits of the above yogasanas. You should practice these yogasanas under the supervision of a yoga expert. If there is any kind of health problem, then do yoga only after consulting a doctor.



# Alia Bhatt gets this big honour in the world of brands, French company salutes Indian talent

Alia Bhatt, who is included in this year's list of the 100 most influential people in the world, has become one of the few stars who have been chosen by an international brand to promote their products worldwide. This new salute to Alia's fame has come from the French beauty brand L'Oreal. Yes, this brand has made Alia Bhatt its global brand ambassador. Alia Bhatt



is the new name in L'Oreal's tradition of saluting the personality of women who have the ability to trust their inner strength and change the world around them through this confidence. The reason being given for making her the global brand ambassador is Alia Bhatt's work in cinema in more than one language, the domestic and foreign awards she has received and the praise her films have received from critics. She has also been number one in Hindi cinema. The addition of Alia Bhatt to the list of famous personalities like Viola Davis, Jane Fonda, Eva Longoria, Kendall Jenner, Elle Fanning and Camila Cabella is going to create a stir in the Indian entertainment world as well. Alia says, 'Not only am I very excited to be a part of the L'Oreal Paris family, but it is also a different experience to stand with some strong and powerful personalities of the world. The name of this brand itself has become an echo of women empowerment. My connection with it is also connected to this, because it makes every woman feel valuable and strong from within'. Alia Bhatt is counted among those few actresses of Indian cinema who have maintained a beautiful balance between box office success and critical acclaim. Her last three films have been among the top 10 films of the year. Five years ago, Alia also started her own production house Eternal Sunshine Productions. According to Netflix, her first film 'Darlings' has been at number two in the non-English content watched on their OTT worldwide for the first two weeks of its release. She has also been the executive producer of the series 'Poacher' released on Amazon Prime Video. However, during the release of this series, Alia Bhatt also faced criticism due to her expensive leather bags. Alia Bhatt, who first appeared on the big screen in the 1999 film 'Sangharsh', was also seen in last year's average successful film 'Rocky and Rani Ki Prem Kahani' as well as the OTT original film 'Heart of Stone'. Her new film 'Jigra' is going to be released next month, which is being produced by her own company. Director Vasan Bala, who became famous with the film 'Monica O My Darling', is directing it. Apart from this, Alia is also shooting for Yash Raj Films Spy Universe's film 'Alpha' these days.

# Not only Sudhanshu Pandey, these stars also said goodbye to the running show midway, fans' hearts broken

Hindi television serials have been entertaining the audience for years. When the audience likes the story of a show, they not only give it their love, but also consider its actors as their own. At the same time, when these stars suddenly leave the show, it gives a big shock to the audience. Recently, Sudhanshu Pandey, who played the character of Vanraj from the serial 'Anupama', which is mostly number one in the TRP race, left. This came as a big shock to his fans. However, not only Sudhanshu, there have been many such stars in the past who left the



popular show midway. Let's take a look at the list of these actors- Sudhanshu Pandey broke everyone's heart by sharing the news of leaving the show 'Anupama' yesterday. The actor said during the live session, 'I want to tell all of you with a heavy heart that I am no longer a part of the show Anupama. I am not working on the show since the Raksha Bandhan episode. It has been so many days, I thought my audience might get angry with me, so I thought it is my responsibility to tell you all this myself. I will play many new characters, I will not bore you in the same role. Please keep supporting me in the future as well.' Charu Asopa had shocked everyone by announcing her exit from 'Kaisa Hai Yeh Rishta Anjaana'. She had revealed that she wants to give more time to her daughter and take a break from TV. Charu had said, 'These circumstances made me realise that I am needed at home. I have understood that I cannot manage a daily soap along with taking care of Jiyana. I want to monitor every aspect of her development. These are her formative years and I need to be there to instill strong values. I have to take a break from daily soaps as they need at least 14 hours.'Hina Khan has been praised for her memorable portrayal of Akshara in 'Yeh Rishta Kya Kehlata Hai'. It was a surprise for many when she decided to quit the show after almost 8 years. Her departure was controversial as the show took a leap. Following this, she appeared in the show 'Bigg Boss' and later 'Khatron Ke Khiladi'. Aishwarya Sharma played the character of Pakhi in the show 'Ghum Hai Kisikey Pyaar Mein'. At the same time, she made a lot of headlines after leaving the show. Initially portrayed as a villain, her character evolved into a positive one after the leap, earning her critical acclaim. However, Aishwarya expressed her desire to explore new characters and new opportunities. She later appeared in 'Khatron Ke Khiladi' and 'Bigg Boss 17'. Known for her unforgettable portrayal of Daya Ben in 'Tarak Mehta Ka Ooltah Chashmah', Disha has left a deep mark on the hearts of the audience. The actress went on maternity leave in 2017 and unfortunately did not return after that. Fans are eagerly waiting for her return, but there is no official confirmation about her comeback yet.

# 'There is a price to wake up a sleeping nation', Kangana Ranaut's big statement amid 'Emergency' censor controversy

The controversy over Kangana Ranaut's 'Emergency' is continuously deepening. Actress-turned-politician Kangana often remains in the headlines due to her outspoken statements. The



makers of Kangana Ranaut's film Emergency approached the Bombay High Court and sought a direction to the Central Board of Film Certification (CBFC) to issue a certificate for the film. However, the court refused to issue any order and said that it cannot order the CBFC due to the order passed by the Madhya Pradesh High Court. Reacting to this, Kangana said that she has become 'everyone's target' and she is paying the price for waking up the 'sleeping nation'. She wrote on X, "They don't know what I am talking about, they have no idea why I am so worried, because they want peace, they don't want to take sides. They are calm." Apart from this, Kangana said, "I wish that poor soldier on the border also got the same privilege to remain calm, I wish he did not have to take sides and consider Pakistanis / Chinese as his enemy. He is protecting you, while you can lust over terrorists or traitors. I wish that young woman whose only crime was that she was alone on the road and was raped, was probably a gentle and kind person who loved humanity, but was her humanity repaid?" - The actress said, "I wish all the robbers and criminals also got love and affection like this calm and sleeping generation, but the truth of life is something else. Don't worry, they are coming after you, if some of us also become calm like you, they will catch you and then you will know the importance of friendly people." Let us tell you that the film was accused that The trailer of the film shows incorrect historical facts, which not only misrepresents the Sikh community but also promotes hatred and social discord."